हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 350, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 13 जून, 2023 दिन मंगलवार | गाजीपुर/वाराणसी

## पीएम मोदी ने 'बिपरजॉय' को लेकर की समीक्षा बैठक, तैयारियों का लिया जायजा

### चक्रवाती तूफान सौराष्ट्र-कच्छ तथा इससे सटे पाकिस्तान के तटों से गुजर सकता है



नई दिल्ली। चक्रवाती तूफान बिपरजॉय आने वाले कुछ घंटों में और तेज होने वाला है। मौसम विभाग ने इसे लेकर अलर्ट जारी किया है। इससे उन राज्यों को राहत मिल सकती है जो इस वक्त भीषण गर्मी की चपेट में है। आने वाले कुछ घंटों में बिपरजॉय गंभीर तूफान में बदलने वाला है और गुजरात तट से टकराने वाला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को कहा कि बिपरजॉय चक्रवात अत्यंत गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया है और 15 जून की दोपहर के आसपास यह सौराष्ट्र-कच्छ तथा इससे सटे पाकिस्तान के तटों से गुजर सकता है। आईएमडी ने कहा कि पूर्वी मध्य अरब सागर के ऊपर सक्रिय बहुत गंभीर चक्रवाती तूफान बिपरजॉय रविवार सुबह पोरबंदर से लगभग 480 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पश्चिम, द्वारका से 530 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पश्चिम और कच्छ में नलिया से 610 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में केंद्रित था। क्षेत्रों में मछली पकड़ने संबंधी गतिविधियों को पूरी तरह से रोकने की सलाह दी गई है और मछुआरों को 12 से 15 जून के बीच मध्य अरब सागर और उत्तरी अरब सागर तथा 15 जून तक सौराष्ट्र-कच्छ तटों के पास न जाने का निर्देश दिया गया है। आईएमडी ने समुद्र में गए लोगों को तट पर लौटने और अपतटीय एवं तटवर्ती गतिविधियों को विवेकपूर्ण ढंग से नियंत्रित करने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने कहा, उपरोक्त जानकारी के मद्देनजर, राज्य सरकारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखें, नियमित रूप से स्थिति की निगरानी करें और उचित एहतियाती कदम उठाएं। जिला अधिकारियों को स्थिति के अनुसार कदम उठाने की सलाह दी जाती है।

**चक्रवाती तूफान बिपरजॉय को लेकर गुजरात में अलर्ट जारी**- मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवाती तूफान बिपरजॉय गुजरात के कच्छ जिले से गुजरेगा जो 15 जून को पाकिस्तान के कराची तट तक पहुंच सकता है। तटीय इलाकों से टकराने की संभावना को देखते हुए गुजरात सरकार एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के दलों को तटीय इलाकों में तैनात कर रही है।

**महाराष्ट्र के कई हिस्सों में बारिश**- मुंबई सहित महाराष्ट्र के कई हिस्सों में रविवार रात बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि मुंबई के साथ-साथ राज्य के तटीय इलाकों में भी तेज हवाएं चलीं। सोमवार को भी मुंबई में तेज हवाएं चल रही हैं और समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्व-मध्य और उससे सटे पूर्वोत्तर अरब सागर के ऊपर बहुत गंभीर चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के मद्देनजर सौराष्ट्र और कच्छ तटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। गुजरात में चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के कारण वलसाड में तेज हवा के साथ ऊंची लहरे उठती हुई दिखी। वहीं, पीएम मोदी ने चक्रवात बिपरजॉय से संबंधित स्थिति की समीक्षा बैठक की।

## सीएम योगी बोले : भाजपा सरकार में बेल्हा छू रहा विकास की नई ऊंचाइयां



प्रतापगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सोमवार को प्रतापगढ़ में रहे। औद्योगिक क्षेत्र सुखपालनगर के निकट स्थित बनवारीकाछ में आयोजित भव्य समारोह में योगी और गडकरी ने बेल्हा को पांच हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी। जनसभा में बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भाजपा कार्यकाल में बेल्हा को विकास की मिली नई ऊंचाइयां मिली हैं। उन्होंने कहा कि किसी ने सोचा भी नहीं था कि प्रतापगढ़ में मेडिकल कॉलेज की स्थापना होगी। प्रतापगढ़ की आंवले ने देश दुनिया में नया नाम कमाया है। आंवले के उत्पाद विदेशों तक पहुंच रहे हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 2150 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित परियोजनाओं की आधारशिला रखते हुए कहा कि पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। विकास की नई इबारत देश लिख रहा है। पूरी दुनिया की नजरें भारत की ओर टिकी हुई हैं।

## मोदी-योगी को लेकर बहस के बाद बोलेरो चालक ने दूल्हे के चाचा पर चढ़ाया वाहन, मौत से कोहराम



मिजार्पुर। मिजार्पुर जिले से एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। बरात से लौट रहे दूल्हे को चाचा को बोलेरो के चालक ने गुस्से में रौंद दिया। गाड़ी में राजनीतिक चर्चा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी को लेकर हुए बहस से चालक आक्रोशित था। वारदात को अंजाम देने के बाद चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया। नाराज परिजनों ने घटनास्थल पर सड़क जाम कर दिया और जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को बुलाने की मांग करने लगे। मौके पर एडीएम शिव प्रताप शुक्ल पुलिस अधिकारियों के साथ पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। मृतक के भाई की तहरीर पर विंध्याचल कोतवाली में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। कोलाही गांव निवासी राकेशधर दुबे के पुत्र प्रमोद कुमार दुबे की शादी प्रतापगढ़ के रानीगंज निवासी सोनिया पांडेय के साथ 11 जून को हुई। रविवार को बरात मिजार्पुर के राम जानकी पैलेस रीवा रोड पर गई थी। सोमवार अलसुबह साढ़े चार बजे विवाह की रस्म समाप्त होने पर बराती की विदाई हुई। दूल्हे के चाचा राजेशधर दुबे (50) व कठवइया निवासी लाल जी मिश्रा महोखर निवासी धीरेंद्र कुमार पांडेय सहित कुछ और लोग एक बोलेरो में बैठे और घर के लिए निकले। रास्ते में राजनीतिक चर्चा होने लगी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की गई। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, मोदी-योगी की तारीफ चालक अमजद पुत्र अजहर उर्फ कल्लू निवासी विजयपुर छानबे को नागवार गुजरी। उसने विरोध में कुछ बातें कहीं जिसे लेकर राजेशधर दुबे ने पलटवार किया। दोनों में कहासुनी होने लगी। गैपुरा चौराहा पर एक व्यक्ति को उतारने के बाद चालक बोलेरो लेकर अतरैला मार्ग की ओर जाने लगा। राजेशधर ने एक और व्यक्ति को महोखर छोडने को कहा। जिसपर चालक ने इंकार कर दिया। हालांकि वाहन बुकिंग करने वाले व्यक्ति से बात होने पर महोखर तक चालक छोड़ने चला गया। वाहन सवार व्यक्ति को उतारने के बाद राजेशधर और चालक में फिर बहस हो गई। आक्रोशित चालक ने दरवाजा खोलकर राजेशधर को धक्का मारकर बाहर कर दिया। कहा कि तुम्हें नहीं ले जाऊंगा। राजेशधर वाहन के सामने आ खड़े हुए और कहा कि क्यों नहीं ले चलोगे। इतने में चालक ने बोलेरो राजेशधर पर चढ़ा दिया। राजेशधर बोलरो के निचले हिस्से में फंसकर करीब 20 मीटर दूर तक घिसटते गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। चालक ने ब्रेक लगाया और वाहन छोड़कर फरार हो गया। वाहन में तीन छोटे बच्चे और बुजुर्ग बैठे थे। राहगीर व ग्रामीण घटना से हतप्रभ रह गए। घटना की खबर गांव में पहुंचते ही पत्नी शैलकुमारी और बेटी पूजा बेहोश हो गई। राजेशधर को दो पुत्र व एक पुत्री है। वो दिल्ली में रह कर व्यवसाय करते थे। परिवार भी दिल्ली रहता है। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने जाम लगा दिया।

## मोदी सरकार के नौ सालः प्रदेश अध्यक्ष बोले, भाजपा यूपी में मिशन 80 का लक्ष्य जरूर पूरा करेगी



लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि महाजनसंपर्क अभियान की सफलता से जाहिर हो गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीतने का लक्ष्य अवश्य हासिल करेगी। प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने वर्चुअल बैठक कर अभियान की समीक्षा की। चौधरी ने कहा कि भाजपा परंपरागत रूप से अपनी सरकार के काम-काज को विनम्रता से लोक दरबार में लेकर जाती है।

महाजनसंपर्क अभियान के जरिये मोदी सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियां जनता के बीच लेकर जा रहे हैं। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि महाजनसंपर्क अभियान मिशन 2024 के पूर्व की तैयारी है। भाजपा कार्यकर्ता चुनाव से पूर्व तैयारी करके विजय के लिए उर्वरा भूमि तैयार करना जानते है। मोदी सरकार के नौ वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से महाजनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। 25 मार्च को पार्टी की नई प्रदेश टीम घोषित होने के बाद से संगठन में अन्य स्तर पर भी बदलाव अपेक्षित हैं। लेकिन, पहले निकाय चुनाव और अब महाजनसंपर्क अभियान के चलते परिवर्तन की कार्यवाही रुकी है। भाजपा के अवध, कानपुर, ब्रज, पश्चिम, गोरखपुर और काशी क्षेत्र में नए क्षेत्रीय अध्यक्षों की तैनाती के बाद से उनकी नई टीम की घोषणा भी जुलाई में होनी है। क्षेत्रीय टीमों में ज्यादा बदलाव का प्रयोग करने की जगह आंशिक परिवर्तन ही किया जाएगा। पार्टी के करीब एक दर्जन से अधिक जिलाध्यक्षों को भी बदला जाएगा।

## पीएम मोदी ने काशी को बताया ज्ञान का केंद्र, कहा- भारत में डिजिटलीकरण लाया है क्रांतिकारी परिवर्तन


नई दिल्ली। वाराणसी में तीन दिवसीय चल रही जी- 20 बैठक में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़कर प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इस दौरान पीएम ने संबोधित करते हुए कहा- काशी सदियों से ज्ञान, चर्चा, संस्कृति और अध्यात्म का केंद्र रही है। पीएम मोदी ने जी20 विकास मंत्रियों की बैठक के लिए एक वीडियो संदेश में कहा- काशी में भारत की विविध विरासत का सार है और यह दे के सभी हिस्सों के लोगों के लिए रुपांतरण बिंदु के रूप में काम करता है।




**काशी तक पहुंचा जी 20 विकास का एजेंडा**- उन्होंने आगे कहा- मुझे खुशी है कि जी 20 विकास एजेंडा काशी तक भी पहुंच गया है। विकास, वैश्विक दक्षिण के लिए एक प्रमुख मुद्दा है। वैश्विक दक्षिण के देश वैश्विक कोविड महामारी से उत्पन्न व्यवधान से गंभीर रूप से प्रभावित थे और भू-राजनीतिक तनाव के कारण खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट ने एक और झटका दिया है। ऐसी परिस्थितियों में आप जो निर्णय लेते हैं उसका बहुत महत्व होता है।

**इन विषयों पर होगा मंथन**- इस बैठक में आर्थिक मंदी, ऋण संकट, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, प्रदूषण और जैव विविधता, बढ़ती गरीबी और असमानता, खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा, जीवन-यापन के संकट सहित वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखला व्यवधान और भू-राजनीतिक संघर्ष और तनाव समेत विभिन्न विषयों पर मंथन होगा।

## केंद्रीय मंत्री मेघवाल का आरोप, पूर्व सरकारों ने सरदार पटेल और आंबेडकर को नहीं दिया सम्मान




नई दिल्ली। भाजपा ने आरोप लगाया है कि उसके पूर्व की सरकारों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल, डॉ आंबेडकर और दुर्गा भाभी को इतिहास में निभाई उनकी भूमिका और उनकी योग्यता के अनुसार सम्मान नहीं दिया। केंद्र में उनकी सरकार आने के बाद इस तरह की राष्ट्रीय हस्तियों का न केवल सम्मान किया जा रहा है, बल्कि उनके कार्यों को जनता तक पहुंचाया भी जा रहा है। पार्टी ने कहा है कि यह उनकी बड़ी उपलब्धि है कि केंद्र में उनकी सत्ता के नौ सालों में राष्ट्रीय सांस्कृतिक एकता को मजबूत बनाने का काम किया गया है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोमवार को एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद 231 सांस्कृतिक-एतिहासिक और धार्मिक महत्व की मूर्तियों को वापस लाया गया है, जिन्हें पूर्व में चोरी कर लिया गया था। जबकि भाजपा की सरकार केंद्र में आने से पहले केवल 13 मूर्तियों को ही वापस लाया गया था। उन्होंने कहा कि यह देश के सांस्कृतिक गौरव को वापस लाने का कार्य था जो अब भी जारी है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी देश की सांस्कृतिक विविधता को मजबूत बनाने का काम कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस जैसे दल सिंगोल पर विवाद खड़ा कर इस मुहिम को प्रभावित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अब यह स्पष्ट हो चुका है कि कांग्रेस के सभी आरोप बेबुनियाद और बिना किसी ठोस आधार के लगाए गए हैं। मेघवाल ने कहा कि दिल्ली पर लाये गए अध्यादेश के बहाने अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय राजनीति की अपनी इच्छा पूरी करने की कोशिश कर रहे हैं। वे उनसे भी मिल रहे हैं जो उनके साथ नहीं खड़े हैं।

## आम के अलावा अन्य फलों के निर्यात की भी तैयारी, अमेरिका, जर्मनी, आस्ट्रेलिया और फ्रांस भेजे जाएंगे



लखनऊ। आम के अलावा अन्य फलों के निर्यात पर भी सरकार फोकस कर रही है। इसके लिए निवेशकों से बात की जा रही है। सरकार का मानना है कि अब दूसरे फलों का भी कारोबार बढ़े। इस बाबत निजी निर्यातकों से भी बात की जा रही है। राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हाफेड) इन फसलों के उत्पादक किसानों से भी संपर्क कर रहा है तो साथ ही ऐसे निवेशकों से भी संपर्क साधा जा रहा है, जो इसमें मदद कर सकते हैं। प्रदेश में आम का सीजन आ गया है और इसके निर्यात को लेकर तैयारी जोरों पर है। यहां प्रतिवर्ष 35 से 40 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन होता है। इसके अलावा अब केला, अमरूद, पपीता आदि की फसलों पर भी फोकस करने की तैयारी है। दरअसल, अब इन उत्पादों के जीआई टैग उपयोगकर्ता भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में इनका निर्यात किसानों के लिए लाभकारी होगा। निर्यात के लिए अमेरिका, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, दुबई, भूटान, स्विटजरलैंड, फ्रांस आदि देशों पर फोकस है। यहां दाम भी सही मिलता है और यहां भारतीय फलों को चाहने वालों की भी खासी संख्या है। हाफेड के प्रबंध निदेशक अंजनी श्रीवास्तव ने बताया कि सभी फसलों पर फोकस किया जा रहा है। इससे फल उत्पादकों की स्थिति और बेहतर हो सकती है।

## एमएसपी पर किसानों और सरकार के बीच वार्ता विफल नेशनल हाईवे किया जाम, कुरुक्षेत्र में माहौल तनावपूर्ण

रोहतक (हरियाणा)। एमएसपी पर सूरजमुखी खरीद की मांग को लेकर किसानों की पिपली अनाजमंडी में एमएसपी दिलाओ किसान बचाओ महारैली हुई। किसानों की रैली को देखते हुए सरकार ने किसान नेताओं से एक घंटे का समय मांगा, लेकिन वार्ता सिरे नहीं चढ़ पाई। जिसके बाद किसानों ने हाईवे जाम कर दिया। किसानों के दिल्ली-चंडीगढ़ हाईवे जाम करते ही पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए वाहनों के लिए रूट डायवर्ट किए हैं। अंबाला की तरफ जाने वाहनों के लिए कुरुक्षेत्र सेक्टर 2/3 कट से ब्रह्मसरोवर, केयूके के तृतीय गेट ढाण्ड रोड से नेशनल हाईवे 152 का रूट तय किया है। वहीं यमुनानगर की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए उमरी चौंक पुल के नीचे से वाया उमरी, इंद्री, लाडवा-यमुनानगर का रूट तय किया है। शाहबाद में हुई महापंचायत में पीपली में एमएसपी लाओ- किसान बचाओ महारैली करने का फैसला लिया गया था। इसमें रैली में किसानों को उम्मीद थी कि सरकार उनकी मांगे मान लेगी। इस बैठक के लिए सरकार से बातचीत के लिए एक विशेष कमेटी गठित की गई थी। लेकिन वार्ता सिरे नहीं चढ़ी तो महारैली को बीच में ही छोड़ किसानों ने आज फिर नेशनल हाईवे जाम कर दिया। कुरुक्षेत्र के शाहाबाद में नेशनल हाईवे पर जाम के दौरान भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष समेत कई किसानों पर मुकदमे दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद शाहबाद में किसानों की महापंचायत बुलाई गई थी, जिसमें उत्तर प्रदेश हरियाणा राजस्थान व पंजाब के किसान नेताओं ने भाग लिया था। प्रदेश सरकार द्वारा सूरजमुखी की एमएसपी पर खरीद न करने व उसे भावांतर भरपाई योजना के अंतर्गत लाने के चलते किसानों में आक्रोश पनपा था। इसी बात से नाराज किसानों ने भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले कुरुक्षेत्र के शाहाबाद में नेशनल हाईवे पर जाम गत सप्ताह लगाया था। उस दिन पुलिस ने लाठीचार्ज कर शाम को ही खुलवा दिया था। रैली में राकेश टिकैत ने कहा था सवाल सिर्फ एक फसल पर एमएसपी का नहीं है। सरकार रेट घोषित करती हैं लेकिन उस पर खरीद नहीं करती। एमएसपी गारंटी कानून होना चाहिए। वहीं, कहा कि हरियाणा सरकार किसानों को जल्द रिहा करे। जो भी यहां कमेटी फैसला लेगी, संयुक्त किसान मोर्चा उनका साथ देगा। किसानों की सूरजमुखी को लेकर 'एमएसपी दिलाओ-किसान बचाओ रैली' हुई। इसमें हरियाणा के अलावा राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और यूपी से हजारों की संख्या में किसान पहुंचे है। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में पिपली अनाज मंडी में रैली कर रहे किसानों की सरकार से बातचीत फेल हो गई है। इसके बाद किसानों ने जम्मू-दिल्ली नेशनल हाईवे-44 जाम कर दिया है।



## नासिक में डिवाइडर से टकराई कार, चार की मौत और चार घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के नासिक में सोमवार तड़के एक बड़ी सड़क दुर्घटना हुई। दरअसल, मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर नासिक के पास एक कार के डिवाइडर से टकरा गई। इससे कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हुए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि टोयोटा इनोवा कार में सवार लोग मुंबई से शिरडी जा रहे थे। घटना सिन्नर तालुका के खंबाले शिवर में रात एक बजे के बीच की है। पुलिस ने कहा कि शुरूआती जांच में सामने आया है कि कार का टायर फट गया था, जिससे गाड़ी बेकाबू हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। अधिकारी ने बताया कि मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई थी, जिनकी पहचान 55 वर्षीय रज्जाक अहमद शेख, सत्तार शेख लाला शेख (65) और 50 वर्षीय सुल्ताना सत्तार शेख के रूप में हुई। वहीं, अस्पताल में उपचार के समय 40 साल के फैयाज दगुभाई शेख की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि कार में सवार चार अन्य यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। उनमें से एक को इलाज के लिए नासिक ले जाया गया है। बाकी शिरडी के अस्पताल में भर्ती हैं। बता दें, घटना को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही वावी पुलिस घटना की जांच कर रही है।



## संपादकीय

# कुदरत के सामने

प्रकृति की अपनी अपनी गति होती है और अगर यह अपनी सामान्य अवस्था में है तो धरती पर जीवन स्थितियां मजबूत होती हैं। लेकिन अगर किन्हीं वजहों से इसका चक्र बाधित होता है तो यही प्रकृति बड़े नुकसान का भी वाहक बनती है। पिछले कुछ सालों से जलवायु परिवर्तन के मसले पर समूची दुनिया में चिंता जाहिर की जा रही है। लेकिन अब जिस तेज गति से मौसम के रुख में बदलाव और अप्रत्याशित उथल-पुथल देखा जा रहा है, वह निश्चित रूप से एक बड़ी चिंता की वजह होनी चाहिए। पर्यावरण के मसले पर हाल ही में आई एक रपट में जो आकलन सामने आया है, उससे यह समझा जा सकता है कि वह ठंड हो या गर्मी या फिर बरसात, इनका जो असर सामने आ रहा है, उसने सबको चौंकाया है। कभी कड़ाके की ठंड तो कभी तेज गर्मी या फिर बेमौसम बरसात ने समूचे जनजीवन को बाधित किया है। इसके अलावा, बारिश, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली आदि में असंतुलन की वजह से इस साल के शुरूआती चार महीनों में ही कम से कम दो सौ तैंतीस लोगों की जान चली गई और लगभग साढ़े नौ लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसल बर्बाद हो गई। इस तरह खेती-किसानी को भी व्यापक नुकसान हुआ। प्रकृति पर किसी का बस नहीं है और उसकी अनिश्चितता के बारे में पक्के तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। इसलिए अचानक ही होने वाली बरसात, बर्फबारी या फिर तापमान में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव आदि की वजह से होने वाले नुकसान पर भी किसी का जोर नहीं चलता। चिंता की बात है कि वक्त के साथ मौसम की मार का असर पहले के मुकाबले अब ज्यादा गंभीर होता जा रहा है। गर्मी, जाड़ा या बरसात आदि में असंतुलन की वजह से पिछले साल जहां देश के सत्ताईस राज्य बुरी तरह प्रभावित हुए थे, वहीं इस साल विपरीत मौसम की वजह से होने वाले हादसों या जानलेवा घटनाओं की चपेट में बत्तीस राज्य आए। विडंबना यह है कि विज्ञान और अन्य आधुनिक आविष्कारों और खोजों के जरिए मनुष्य ने प्रकृति और मौसम को करीब से समझना शुरू तो कर दिया है, लेकिन यह भी सच है कि प्रकृति के स्वाभाविक स्वरूप में मनुष्य ने आधुनिकतम तकनीकों सहित अलग-अलग तरीकों से बड़े पैमाने पर दखल भी दिया है। यह बेवजह नहीं है कि ठंड, गर्मी या फिर बरसात के अलावा तूफान और बर्फबारी की घटनाएं भी असामान्य रूप में सामने आ रही हैं। हालांकि जलवायु परिवर्तन को लेकर पिछले कई दशकों से विश्व भर में चिंता जताई जा रही है और इसमें पृथ्वी के अनुकूल हालात बनाने के लिए पूर्व-सावधानी के तौर पर कई उपाय भी बताए जाते रहे हैं। लेकिन ऐसे उपायों का हासिल क्या होना है, जिसमें जलवायु के बिगड़ने में जिन देशों की भूमिका ज्यादा है, वही अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लें और पर्यावरण या जलवायु को स्वस्थ बनाने और बचाने का दायित्व गरीब और विकासशील देशों पर थोप दें! वैश्विक स्तर पर विकसित और धनी देशों में मानव जनित परिस्थितियों की वजह से जलवायु पर पड़ने वाले प्रभावों का नुकसान उन देशों को उठाना पड़ता है, जहां अभी संसाधनों के अभाव की वजह से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा पाते। आज विज्ञान का विकास अपने चरम पर है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि कुदरत के अपने स्वरूप में दखल न दिया जाए, बदलते मौसम का पक्का अनुमान लगाने की व्यवस्था हो और उसी मुताबिक जानमाल को बचाने के लिए जरूरी इंतजाम किए जाएं। कुदरत के अपने रुख को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उससे बचाव के इंतजाम करके नुकसान को काफी हद तक कम जरूर किया जा सकता है।

# लक्ष्य अब हमारा!



मुफ्त वाली योजना पर ।
चल रहा है काम ।।
होगा इससे हासिल ही ।
अपना हर मुकाम ।।
आजमाया है इसको ।
फायदा है आया ।।
लक्ष्य अब हमारा ।
हो उनका सफाया ।।
उसी दिशा में हर पल ।
हो रहा प्रयास ।।
साम दाम दण्ड भेद ।
बढ़ रही है आस ।।
कर रहे बदलाव ।
जुट गए हैं सारे ।।
मानेंगे ना अब हम ।
नयन खुले हमारे ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# औरतों के साथ हर क्षेत्र में हो रहा है भेदभाव



सभी समाजों में, वह चाहे विकसित हो या विकासशील, औरतों के साथ हर क्षेत्र में भेदभाव हो रहा है। वह हो या कार्यस्थल हो। सड़क हो या खेल का मैदान। लैंगिक समानता के लिए लंबे-लंबे भाषण देने वालों या लंबे-लंबे आलेख अखबारों में लिखने वाले महिला-पुरुष समानता की बात करते तो हैं, लेकिन आखिर में वे भी पुरुषों के पक्ष में हो जाते हैं। दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल फुटबाल में भी महिला खिलाड़ियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। पहले उन्हें खेल का मेहनताना पुरुषों की तुलना में आधे से भी कम दिया जाता है। अब जब आगामी अगस्त महीने में ग्रीष्मकालीन महिला फुटबाल विश्वकप का आयोजन आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में संयुक्त रूप से हो रहा है।

लेकिन इस खेल को प्रसारित करने वाले यूरोप की कई टेलीविजन कंपनियां उतना पैसा देने को राजी नहीं हो रही हैं, जितना पुरुष चैंपियनशिप के दौरान दिया जाता है। शायद इसीलिए फीफा ने भी ठान लिया है कि इस बार इन खेलों का प्रसारण अधिकार वह किसी को नहीं देगा। इसलिए यूरोप के दर्शक इस साल लगता है कि इन खेलों का आनंद अपने टीवी पर नहीं ले सकेंगे। फीफा ने आरोप लगाया है कि प्रसारण कंपनियां दस से सौ फीसद कम फीस देने पर अड़े हुए हैं, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। दुनिया की आधी आबादी यानी महिलाओं को खुलकर अपने अधिकार के लिए फीफा के साथ हो जाना चाहिए। भले ही इस साल का विश्वकप का प्रसारण वे नहीं देख पाएं, लेकिन भविष्य के लिए यही उनके लिए बराबरी के अधिकार को सुनिश्चित करेगा। आए दिन खुले बोरवेल में मासूम बच्चों के गिरने और जान गंवाने के समाचार पढ़कर मन द्रवित हो जाता है। यह दुर्घटना नहीं मानवीय लापरवाही है। हजारों-लाखों खर्च कर बोरवेल खुदवाए जाते हैं। पानी नहीं निकलने पर गड्ढे खुले छोड़ दिए जाते हैं। जबकि शासन का आादेश है कि बोरवेल खुला नहीं छोड़ा जाए। उन पर ढक्कन नहीं लगाने से इस तरह के गंभीर हादसे होते हैं। ऐसी लापरवाही के लिए जमीन मालिक और बोरवेल मालिक पर गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करना चाहिए। बचाव अभियान में बहुत ज्यादा मानव श्रम एवं धन खर्च होता है। वह भी वसूल करना चाहिए। बोरवेल मशीन के बीमे में तृतीय पक्ष बीमा कवर में बच्चों को चोट लगने या मृत्यु होने की जोखिम भी शामिल करना चाहिए। बोरिंग की अनुमति देने वाले सक्षम अधिकारी को बोरिंग के पश्चात ढक्कन लगवाने व अन्य सुरक्षा के इंतजाम प्रत्यक्ष जाकर अवलोकन करना चाहिए। तभी दुर्घटनाओं पर लगाम लगेगी। पीला समंदर एक बार फिर से उमड़ा है। महेंद्र सिंह धोनी का जादू एक बार फिर चला है। पांचवीं बार बनी चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स। जहां-जहां माही गए, वहां-वहां पीले के रंग में रंग गया स्टेडियम। महेंद्र सिंह धोनी की टीम ने आइपीएल में फिर अपनी बादशाहत कायम की। आइपीएल इतिहास में पहली बार रिजर्व डे पर खेले गए फाइनल मुकाबले में चेन्नई ने गत विजेता गुजरात टाइटंस को डकवर्थ लुईस नियम से पांचवां विकेट से जीत दर्ज करते हुए अपना पांचवा आइपीएल खिताब जीता। अतीत में सीएसके की सफलता का मुख्य कारण धोनी का करिश्माई नेतृत्व रहा है। वे शांत और संयमित व्यवहार के साथ मैदान पर त्वरित और निर्णायक फैसले लेने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। उनका नेतृत्व कौशल टीम को एक साथ लाने और उन्हें एकजुट इकाई के रूप में खेलने में मदद करने में सहायक रहा है। धोनी युवा प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें मौके देने से परहेज नहीं करते, जो टीम की सफलता का बड़ा कारण रहा है। वहीं ट्राफी जीतने के बाद आइपीएल से संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि दर्शकों के प्यार को देखते हुए उन्हें तोहफा देने के लिए वह अगले सत्र में फिर खेलेंगे। देश के सबसे सफलतम कप्तानों में से एक महेंद्र सिंह धोनी हैं, जिन्होंने 2007 में टी-20 विश्व कप, 2011 में एकदिवसीय विश्व कप, 2013 में आइसीसी चैंपियंस ट्राफी, 2010, 2011, 2018, 2021 और अब 2023 में भी आइपीएल चैंपियंस ट्राफी अपने नाम किया। चारों ओर अपनी गाड़ियों के शोर और दिखावे के बावजूद आज भी हमारे लिए साइकिल की उपयोगिता कम नहीं हुई है। कोरोना काल के दौरान और उसके बाद भी साइकिल की बिक्री बाजार में बढ़ी है। साइकिल चलाना हर तरफ से लाभदायक है। इससे शारीरिक सेहत बरकरार रहती है। प्रतिदिन साइकिल चलाने से व्यक्ति का शक्कर का स्तर और रक्तचाप सामान्य रहता है। सच यह है कि साइकिल चलाना एक संपूर्ण व्यायाम है। पर्यावरण के लिए भी यह नुकसानदायक नहीं है, क्योंकि अन्य वाहनों की तरह इससे धुआं नहीं निकलता है और वायु प्रदूषण नहीं होता है। डेनमार्क और नीदरलैंड के लोग सबसे ज्यादा साइकिल चलाते हैं। साइकिल लोगों के खर्च को भी कम करते है। भारत सहित संपूर्ण विश्व में साइकिल संस्कृति को बढ़ावा मिलना चाहिए। कुछ ही दिनों में भीषण गर्मी से निजात मिलेगा और मानसून की दस्तक का स्वागत होगा। मानसून के आने के साथ ही लगभग सभी शहरों में जल भराव और जल जमाव की समस्याएं मुंह बाए खड़ी हो जाएंगी। बरसात के पहले नालियों और नालों के साफ-सफाई के दावे और आंकड़े केवल कागजों और जनता को दिखाने के लिए तैयार किए जाने लगेंगे। हर वर्ष बरसात के मौसम के शुरू होने के साथ ही दिखावे के लिए किए गए कामों की पोल खुलने लगती है। अगर नालियों-नालों की साफ-सफाई और रखरखाव के काम पूरी ईमानदारी के साथ यथार्थ में हों तो बरसात का पानी लोगों की परेशानियों का कारण ही न बने। इसके साथ ही स्थानीय प्रशासन को भी आम लोगों के गुस्से का सामना न करना पड़े। अभी भी समय है, समय रहते जागना जरूरी है।

# गलाकाट प्रतिस्पर्धा और छात्र आत्महत्या

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर अत्यधिक मानसिक दबाव के कारण देश के प्रमुख कोचिंग हब बने राजस्थान के कोटा में तो अक्सर छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आती ही रहती हैं, अब नामीगिरामी इंजीनियरिंग और मेडिकल संस्थानों में भी छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने के बढ़ते मामले समाज को झकझोरने लगे हैं। छात्रों में आत्महत्या की यह बढ़ती प्रवृत्ति अब सरकार के साथ-साथ समाज को भी गंभीर चिंतन-मनन के लिए विवश करने हेतु पर्याप्त है। कुछ मामलों में परीक्षाओं के दौरान प्रश्नपत्र सही से हल नहीं कर पाने और कई बार परीक्षा की समुचित तैयारी नहीं होने पर भी छात्र हताश होकर जान देने लगे हैं। पिछले कुछ वर्षों से ऐसी दुखद घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। देश के युवा वर्ग और खासकर 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। शिक्षा तथा कैरियर में गलाकाट प्रतिस्पर्धा और माता-पिता तथा शिक्षकों की बढ़ती अपेक्षाओं के चलते छात्रों पर पढ़ाई का बढ़ता अनावश्यक दबाव इसका सबसे बड़ा कारण है, जिसने छात्रों के समक्ष विकट स्थिति पैदा कर दी है। कई बच्चे इस दबाव को झेल नहीं पाते, जिसके चलते उनमें अवसाद पनपता है।

कई अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि परीक्षाएं नजदीक आने के साथ ही छात्रों में चिंता और अवसाद बढ़ने लगता है और कुछ मामलों में यही बढ़ता अवसाद उनके आत्महत्या करने का कारण बन जाता है। इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों में तो सीटें बहुत होने के कारण अब बहुत ज्यादा प्रतिस्पर्धा होने लगी है, वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे शिक्षण संस्थानों में सामान्य स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी अब जबरदस्त मारामारी होने लगी है। ऐसे में छात्र अपनी शिक्षा और भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में रहते हैं। किसी को कैरियर या नौकरी की चिंता है तो कोई पारिवारिक वित्तीय संकट से जूझ रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े देखें तो जहां 2020 में देशभर में कुल 12526 छात्रों ने आत्महत्या की, वहीं 2021 में यह आंकड़ा बढ़कर 13089 हो गया। वैसे आत्महत्या की यह समस्या अब केवल छात्रों



तक ही सीमित नहीं है बल्कि देश में आत्महत्या के मामलों में जिस प्रकार साल दर साल उछाल आ रहा है, वह समूचे समाज के लिए गंभीर चिंता का कारण बन रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में हर 40 सैकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिये अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है।

डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा तो काफी चिंताजनक है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। मनोचिकित्सकों के अनुसार जब भी कोई व्यक्ति या युवा गहरे मानसिक तनाव से जूझ रहा होता है तो उसके व्यवहार में पहले की अपेक्षा कुछ बदलाव देखने को मिलते हैं। ऐसे में आसपास मौजूद लोगों तथा परिजनों की यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है कि वे ऐसे व्यक्ति अथवा युवा को इमोशनल, मेंटल या फिजिकल जैसी भी जरूरत हो, सहयोग करें, उसका मनोबल बढ़ाने का प्रयास करें ताकि वह व्यक्ति स्वयं को अकेला महसूस न करे। मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या करना काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या करने के पीछे अधिकांशतः अवसाद को ही जिम्मेदार ठराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण है लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुताबिक आत्महत्या करने का विचार किसी इंसान के अंदर तब पनपता है, जब वह किसी मुश्किल से बाहर नहीं निकल पाता।

जहां तक छात्रों की बात है तो छात्रों के बढ़ते आत्महत्या के मामलों के लिए कहीं न कहीं अभिभावक भी दोषी हैं। दरअसल अधिकांश मामलों में देखने को मिलता है कि ज्यादातर माता-पिता या अभिभावक अपने बच्चों की क्षमता और अभिरूचि को सही ढ़ंग से नहीं समझ पाते और उनसे जरूरत से ज्यादा अपेक्षाएं रखते हुए परीक्षा के समय भी उनकी मनोदशा से अनभिज्ञ रहते हैं। कई मामलों में ऐसे छात्र जरूरत से ज्यादा मानसिक दबाव के कारण गलत कदम उठा बैठते हैं। ऐसे मामलों में छात्रों को मानसिक दबाव से बाहर निकालने में सबसे बड़ी भूमिका अभिभावकों, करीबी लोगों और शिक्षकों की ही हो सकती है, जो उन्हें सहानुभूतिपूर्वक समझाएं कि किसी भी असफलता से उनके जीवन का निर्धारण नहीं होता और हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते। उन्हें इस बात के लिए प्रोत्साहित करें कि वे सकारात्मक सोच के साथ अपनी क्षमतानुसार मेहनत करके भी सफलता की बुलंदियों को छू सकते हैं। हालांकि सरकार, सामाजिक संस्थाओं शिक्षण संस्थानों की ओर से हाल के वर्षों में छात्रों की काउंसलिंग के साथ उनकी पढ़ाई में मदद करने तथा जरूरत महसूस होने पर चिकित्सकीय परामर्श मुहैया कराने के प्रयास हो रहे हैं लेकिन इन प्रयासों में और तेजी लाने की जरूरत है।

# 'चौथी पास राजा' सिर्फ एक हमला नहीं बड़ी रणनीति का हिस्सा है

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रामलीला मैदान से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोला। मुद्दा था दिल्ली में लाया गया अध्यादेश, लेकिन हमला कर दिया गया कि पीएम की डिग्री को लेकर। अरविंद केजरीवाल ने अपने भाषण में कई मौकों पर पीएम के लिए चौथी पास राजा का इस्तेमाल किया। अब राजनेता हैं, विरोधी भी हैं, ऐसे में हमले आम बात हैं, लेकिन अरविंद केजरीवाल ने जिस तरह से सियासी वार की बौछार की है, ये कुछ अलग है, एक बड़ी रणनीति का हिस्सा लगता है। अरविंद केजरीवाल की राजनीति में एक समय ऐसा आया था जब वे पीएम नरेंद्र मोदी पर निजी हमले करने से बचते थे। वे बीजेपी पर वार करते थे, लेकिन सीधे-सीधे पीएम मोदी को कुछ नहीं कहते थे। 2014 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद 2019 के चुनाव में जिस तरह से दिल्ली में आप का सफाया हुआ था, केजरीवाल समझ गए थे कि मोदी पर निजी वार करना जनता को ज्यादा रास नहीं आता। लेकिन अब जब 2024 के लोकसभा चुनाव का शंखनाद होने जा रहा है, अरविंद केजरीवाल अपने पुराने अंदाज में वापस आ गए हैं। ये अंदाज है सीधे पीएम मोदी से टक्कर लेने वाला, ये अंदाज है खुद को मोदी के खिलाफ सबसे बड़ा चेहरा बताने का।

इस समय विपक्ष के सामने सबसे बड़ा सवाल ये चल रहा है कि 2024 की लड़ाई में पीएम मोदी का मुकाबला कौन करेगा। ये सवाल ही पिछले 9 सालों से बीजेपी के लिए संजीवनी बना हुआ है क्योंकि विपक्ष के पास चेहरों की कमी है और इसका सीधा फायदा देश की सबसे बड़ी पार्टी को पहुंचता है। लेकिन उसी स्पेस को भरने की कोशिश कई नेता कर रहे हैं। जब पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में टीएमसी ने बीजेपी के विजयी रथ को रोक दिया था, तो कहा गया कि पीएम मोदी के सामने ममता बनर्जी एक मजबूत चेहरा साबित हो सकती हैं। वे क्योंकि पीएम पर भी लगातार हमलावर रहीं, उनकी नीतियों का विरोध करती रहीं, ऐसे में विपक्ष के लिए भी कद्दावर नेता साबित हुईं। लेकिन फिर उनकी पार्टी के कई नेताओं पर ईडी की रेड पड़ी, नोटों के पहाड़ सामने आने लगे, छवि कुछ धूमिल हुई और सियासी गेम कमजोर पड़ गया। बाद में कुछ समय के लिए नीतीश कुमार का नाम भी रेस में सामने आया, लेकिन अब अरविंद केजरीवाल ने गेयर बदल लिए हैं। पिछले कुछ समय से वे लगातार सुर्खियों में चल रहे हैं। पहले मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी ने उन्हें विपक्ष को एकजुट करने का मौका दिया, इसके बाद अब इस अध्यादेश विवाद ने भी उन्हें पूरी तरह लाइमलाइट में ला दिया है।

अब इस लाइमलाइट का इस्तेमाल अरविंद केजरीवाल बखूबी तरह से कर रहे हैं। उनके हमले पीएम मोदी पर हैं, बड़े बयान दे रहे हैं और इस अंदाज में बोल रहे हैं कि बीजेपी को मिर्ची लगना लाजिमी है। रामलीला मैदान से उन्होंने पीएम मोदी को लेकर एक कहानी सुना दी। नाम तो नहीं लिया लेकिन कह गए कि चौथी पास सम्राट देश का बेड़ा गर्क कर रहा है। नोटबंदी से लेकर किसान कानून तक का भी जिक्र कर




दिया। यहां ये समझना जरूरी है कि जब कोई नेता लोकप्रिय हो जाता है, तब उस पर सीधा हमला करना सियासी नुकसान दे सकता है। ऐसा 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव, 2019 के लोकसभा चुनाव और फिर 2022 के गुजरात चुनाव में साफ दिख चुका है। लेकिन जब उसी लोकप्रिय नेता के खिलाफ नाराजगी बढ़ने लगे, या उसकी सरकार विवादों में आ जाए, तब विरोधियों के हमले ज्यादा असरदार माने जाते हैं। अब इस समय आप संयोजक अरविंद कजेरीवाल भी इस समय वहीं मौका अपने लिए देख रहे हैं।

अगर ध्यान दिया जाए तो पिछले कुछ समय में केंद्र की मोदी सरकार कई मुद्दों की वजह से विवादों में चल रही है। हाल की कुछ घटनाओं की बात करें तो महिला पहलवानों का दिल्ली में चल रहा प्रदर्शन, ओडिशा ट्रेन हादसा, 2000 रुपये नोट का चलन से बाहर जाना, कश्मीर में बढ़ते आतंकी हमले और अडानी विवाद। इन सभी मुद्दों ने कुछ हद तक केंद्र के खिलाफ लोगों में एक नाराजगी पैदा की। अब उसी नाराजगी का इस्तेमाल अरविंद केजरीवाल करते दिख रहे हैं। राजनीतिक भाषा में कहें तो जब प्रजा राजा से कुछ नाराज चल रही हो, तब विरोधी अगर उस राजा पर सवाल उठाएं तो उसे गलत नहीं माना जाता। इसी वजह से अरविंद केजरीवाल पिछले कुछ समय से पीएम मोदी पर डायरेक्ट हमले कर रहे हैं। उनके कॉन्फिडेंस को इस बात से समझा जा सकता है कि अब वे सीधे-सीधे पीएम मोदी से मुकाबला करना चाहते हैं। उन्होंने रविवार को रामलीला मैदान से कहा था कि मोदी 12 साल तक गुजरात के सीएम रहे, फिर 9 साल उन्हें पीएम बने हो चुके हैं, यानी कि वे 21 साल से राज कर रहे हैं। मुझे दिल्ली में काम करते हुए आठ साल हुए हैं। मैं चैलेंज देता हूं कि मोदी के 21 साल बनाम मेरे आठ साल देख लिए जाए, पता चल जाएगा किसने अच्छा काम किया। अब अरविंद केजरीवाल चैलेंज किसे कर रहे हैं, ये बड़ी बात है। बीजेपी पर वे हमले करते रहते हैं, पार्टी की राज्य सरकारों पर भी आरोप लगाए हैं, लेकिन सीधे-सीधे अपनी तुलना ही पीएम मोदी से कर देना ये बताने के लिए काफी है कि अरविंद केजरीवाल का आत्म विश्वास सातवें आसमान पर है। वैसे राजनीतिक जानकार तो कई बार वैसे भी चचाओं में इस बात का जिक्र कर चुके हैं कि अरविंद केजरीवाल मोदी स्टाइल काफी फॉलो करते हैं। कहने को उन्हें मुकाबला उन्हीं से करना है, लेकिन उन्हीं की रणनीति को इस्तेमाल कर चुनौती देने की तैयारी है।

इसे हाल ही में हुए गुजरात चुनाव से बखूबी समझा जा सकता है। अरविंद केजरीवाल ने उस चुनाव में दो पहलुओं पर खास ध्यान दिया। पहला ये कि वे अपने चेहरे पर वोट मांगेंगे और दूसरा ये कि लगातार विक्टिम कार्ड खेलेंगे। अब ये कोई आप संयोजक की ओरिजिनल रणनीति नहीं है, कई सालों से राजनीति कवर कर रहे राजनीतिक जानकार बताते हैं कि पीएम मोदी की पूरी सियासत ही इन पहलुओं पर टिकी हुई है। पिछले 9 सालों में तो शायद ही कोई ऐसा चुनाव रहा होगा जहां पीएम ने ये ना कहा हो कि उन्हें याद कर वोट डाला जाए। वहीं विक्टिम कार्ड की बात करें तो पीएम मोदी ने गुजरात के सीएम रहते वक्त अपने पर हुए हर निजी हमले को राज्य की अस्मिता से जोड़ने का काम किया था। अब अरविंद केजरीवाल भी ऐसा ही करते दिख जाते हैं। पहले गुजरात चुनाव में उन्होंने कहा था कि सभी मिलकर मुझे मारना चाहते हैं, सारे भ्रष्ट एक ईमानदार शख्स के पीछे पड़ गए हैं। अब जब दिल्ली में अध्यादेश विवाद शुरू हो गया है, सिसोदिया की गिरफ्तारी हो चुकी है, वे कह रहे हैं कि मोदी काम करने नहीं दे रहे। वे एक तरह से पीएम मोदी को दिल्ली की जनता की नजर में विलेन बनाने का काम कर रहे हैं। वे कहना चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने कुछ अधिकार दिए थे, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने वो सब छीन लिया। यानी कि केजरीवाल दिल्ली की जनता के वो नायक बनना चाहते हैं जो ना सिर्फ उनके हितों की रक्षा कर रहा है, बल्कि ताकतवर लोगों से अकेला लड़ रहा है।

# श्रीनाथ बाबा मठ रसड़ा की जमीन से अवैध कब्जा हटाते समय मचा बवाल, उत्पातियों ने जमकर की पत्थरबाजी

## महन्त के सुरक्षा गार्ड समेत कई घायल, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा





रसड़ा (बलिया)। स्थानीय नगर स्थित प्रसिद्ध श्री नाथ बाबा मंदिर मठ की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जों को हटाते समय अवैध कब्जा जमाने वालों के उतपात और पत्थरबाजी में मठ के महन्त कौशलेंद्र जी के सुरक्षा गार्ड समेत करीब आधा दर्जन लोगों के घायल होने और मोके पर मौजूद जेसीबी के शीशे आदि तोड़े जाने से बवाल मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या मे पुलिस बल मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला तथा घायलों को उपचार हेतु सरकारी अस्पताल भेजा तथा मेडिकल रिपोर्ट हासिल कर मिले तहरीर के आधार सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। जानकारी के मुताबिक पंजीकृत उक्त मुकदमे नामजद कुछ आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार भी किया गया है । उल्लेखनीय है कि आजकल रसड़ा में स्थित धार्मिक संस्थानों की भूमि व संपत्तियों को राजस्व विभाग की मिलीभगत से फजीर्वाड़ा कर उसे हड़पने तथा ऐनकेन प्रकार से कब्जा करके उसे बेच कर नाजायज धन कमाने वालों का गैंग जहां काफी सक्रिय हैं, वहीं स्थानीय राजस्व विभाग के अधिकारियों समेत पुलिस प्रशासन के लोग भी चुप्पी साधे हुए हैं , परिणामतः उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की किरकिरी हो रही है।

# पूर्व सांसद इलियास आजमी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

मोहम्मदी खीरी। सामाजिक न्याय के योद्धा, विचारक, लेखक पूर्व सांसद इलियास आजमी के निधन पर मोहम्मदी गुलौली रोड स्थित सेलिब्रेशन लॉन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मौलाना मजीदउल्ला व मौलाना सईद कासमी द्वारा कुरान की आयात पढ़कर मरहूम के लिए मगफिरत की दुआ की गई। स्वर्गीय आजमी साहब के बेटे शकील सिद्दीकी ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं अपने वालिद की जगह तो नहीं ले सकता, लेकिन इंशाल्लाह मैं उनकी कमी लखीमपुर खीरी के लोगों को कभी महसूस नहीं होने दूंगा। पूर्व चेयरमैन मोबीन खान ने कहा कि अब हम लोग उनकी सोच को आगे ले जाने का काम करेंगे। स्वर्गीय इलियास आजमी जिंदगी भर समाज सेवा का कार्य करते रहे। वह एक नेक इंसान थे। इसके अतिरिक्त आरिफ पहलवान, सगीर आलम सिद्दीकी,राजकुमार गुप्ता, डॉ जेड खान, राम सागर यादव, इकरार खान, मुईद खां, दिनेश पाल आदि ने मरहूम को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा का संचालन संगपाल जौहर ने किया। इस मौके पर शऊर आलम, देव रंजन मिश्रा, प्रमोद कुमार राजवंशी एड., शब्बन खां, मो0 उमर, मो0 शाहिद, हाफिज मरगूब, रेहान खान, आरिफ खां, गुलबहार, सखावत खां सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# जन्मतिथि में फ्राड कर नौकरी करने वाला शिक्षक बर्खास्त, एफआईआर दर्ज

रसड़ा (बलिया)। अपने जन्मतिथि में हेराफेरी करके रसड़ा क्षेत्र के महाराजपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत एक शिक्षक के खिलाफ थाने में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किये जाने की खबर है। खबरों के मुताबिक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी माधवेन्द्र पांडेय द्वारा रसड़ा पुलिस को तहरीर देकर रसड़ा समीपी गांव जाम निवासी कथित आरोपी ब्रजनाथ द्वारा अपने जन्म तिथि में हेराफेरी करके अध्यापक पद हासिल करने का आरोप लगाया है। इसी क्रम में बताया गया है कि उक्त तथ्य के छानबीन पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 28 मार्च 2023 को ही उनकी सेवा समाप्त कर दी गई है । विदित हो कि आरोपी ब्रजनाथ राम की नियुक्ति एक जुलाई 1999 को बेसिक शिक्षा परिषद में सहायक अध्यापक के पद पर हुई थी। वह पिछले कुछ वर्षों से जूनियर हाईस्कूल महाराजपुर रसड़ा में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे। ब्रजनाथ राम उपरोक्त के खिलाफ उन्हीं के गांव के निवासी श्रीराम नारायण गोंड द्वारा सूचना के अधिकार के तहत विभिन्न शिक्षण संस्थाओं से हासिल पुख्ता सबूत के साथ पिछले करीब एक साल से डीएम व बीएसए से शिकायत कर रहे , जिसकी जांच जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलिया द्वारा रसड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से विभिन्न स्तर पर कराई गई तो स्पष्ट हुआ कि मानव संपदा पर अपलोड अभिलेखों और सेवा पुस्तिका में उनकी जन्मतिथि एक दिसंबर 1960 है, जबकि उपलब्ध साक्ष्यों के अनुसार उन्होंने अमर शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज, रसड़ा से 1972 में हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है जिसमें उनकी जन्मतिथि एक दिसंबर 1953 अंकित है । बाद में राधामोहन संस्कृत महाविद्यालय, बैरिया से पूर्व माध्यमिक परीक्षा 1975 में पास की है। यहां उनकी जन्मतिथि एक दिसंबर 1960 हो गई। इस प्रकार अलग-अलग विद्यालयों से जन्मतिथि में परिवर्तन करके उनके द्वारा परीक्षा दी गई है।

# कोतवाली से 50 मीटर की दूरी पर लाखो की चोरी पुलिस रही बेखबर, दुकानदार दहशत में




प्रखर जौनपुर। नगर क्षेत्र के थाना कोतवाली इलाके में थाने के ठीक सामने मोहल्ला अल्फस्टीनगंज के अग्रवाल ज्वेलर्स कटरा में अल्फा मोबाइल नामक दुकान से चोरों द्वारा लाखों रुपए के मोबाइलो पर हाथ साफ करने की घटना ने कोतवाली पुलिस की कार्यशैली पर एक बड़ा सवाल लगा दिया है। मिली खबर के अनुसार कोतवाली के ठीक सामने लगभग 50 मीटर की दूरी पर स्थित कटरा में अल्फा मोबाइल की दुकान है। रविवार रात्रि दुकान का शटर तोड़कर चोर दुकान के अंदर घुसे और लाखों रुपए के मोबाइल की चोरी कर बे रोक टोक निकल गये। आम जनों के बीच में इस बात की चर्चा हो रही है कि कोतवाली से महज लगभग 50 मीटर की दूरी पर इस तरह से हुई चोरी अपने आप में पुलिस की कार्यशैली पर एक बड़ा सवालिया निशान पैदा करती है की आखिर रात्रि में गश्त करने वाले पुलिस कर्मी कहां थे कि बेखौफ होकर चोरी कर निकल गये। आखिर गस्त में लगे सिपाही कहां ड्यूटी दे रहे थे उनकी निगरानी खुद इन्पेक्टर ने क्यों नहीं किया। हालांकि सीसी कैमरे में कैद चोरी की इस घटना में साफ-तौर पर देखा जा सकता है कि चोरों को किसी भी तरह का पुलिसिया भय नहीं था। घटना की खबर सोमवार की सुबह वायरल होने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर निरीक्षण के पश्चात अब जल्द खुलासे का दावा कर रही है। जनमत है कि पुलिस की लापरवाही पूर्ण कार्यशैली के कारण शहर के मध्य थाना से 50 मीटर की दूरी पर चोर चोरी कर गये। अब देखना है कि पुलिस विभाग के शीर्ष अधिकारी इसे कितनी गम्भीरता से लेते है।

# बलुआ टोला में गरजा जेसीबी हटाया गया अतिक्रमण



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रेवतीपुर क्षेत्र अंतर्गत बलुआ टोला में ग्राम सभा की जमीन पर दबंगों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण से वर्षों से जल निकासी की समस्या बनी हुई थी। सोमवार को जिला अधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देश पर एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद चौरसिया के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ दर्जनों ट्रैक्टर व जेवीसी से अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू हो गया। जल निकासी के लिए जेवीसी से गडही और नाले की खुदाई का काम शुरू किया गया। इस दौरान कुछ लोगों ने प्रशासन के इस कार्यवाही का विरोध करना चाहा मगर पुलिस फोर्स और अधिकारियों के कड़े तेवर के आगे उनकी एक न चली। मालूम हो कि बलुआ टोला में जल निकासी के कई जगहों एवं ग्राम सभा की जमीन पर कुछ दबंगों द्वारा पिछले कई सालों से अतिक्रमण कर लेने से लोगों के घरों का पानी मुख्य गलियों के बीचो बीच वह रहा है। जिसकी वजह से ग्रामीण दिन रात मजबूरी में गंदे जलजमाव से होकर आने जाने को मजबूर है। बातचीत के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में तो स्थिति और भी बद से बदतर हो जाती है जिससे कि घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है।और गलियों में वह रहा गंदा पानी वापस घर के अंदर जाने लगता है। इसका निदान हो जाने से वर्षों से जल निकासी का तकलीफ झेल रहे लोगों को काफी सहूलियत होगी। इस संबंध में एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद चौरसिया ने बताया कि डीएम के निर्देश पर गांव सभा की जमीन से अतिक्रमण एवं जल निकासी के लिए नाले की खुदाई का काम शुरू हो गया है। जल्दी ही इसका निदान करा लिया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार अमित शेखर, लेखपाल मृत्युंजय राय, राजस्व निरीक्षक राकेश राय, रेवतीपुर थाना अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी, गहमर निरीक्षक पवन उपाध्याय, नगसर हाल्ट थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## राज्य गन्ना प्रतियोगिता लखनऊ में युवा किसान पलविंदर हुए सम्मानित

मोहम्मदी खीरी। तहसील मोहम्मदी की चौकी रेहरिया क्षेत्र के युवा किसान पलविंदर सिंह निवासी नंदापुर को चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य गन्ना प्रतियोगिता योजना के अंतर्गत पुरस्कृत किया गया। गन्ना उत्पादन को लेकर चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य गन्ना प्रतियोगिता योजना के अंतर्गत उत्पादन को लेकर पुरस्कार में जनपद लखीमपुर खीरी में गन्ना प्रगतिशील युवा किसान पलविंदर सिंह निवासी ग्राम नंदापुर को लोक भवन लखनऊ में गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी एवं राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के द्वारा सम्मानित किया गया। युवा किसान पलविंदर सिंह ने किसानों से अपील की वह टेंच विधि से गन्ने की खेती करें और साथ में सह फसल जरूर लें जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और अब समय आ गया है प्राकृतिक खेती की तरफ भी ध्यान दिया जाए। सम्मान मिलते ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा, एसडीएम पंकज श्रीवास्तव, इंस्पेक्टर अंबर सिंह, चौकी इंचार्ज अभिषेक पांडे सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने युवा किसान के हौसलों को बधाई दी।

# विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर बच्चो ने निकाली विरोधी रैली




प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के बराई गांव ने विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर आस्था महिला एवम बाल विकास संस्थान के नेतृत्व में वनवासी समुदाय के बच्चो के साथ मिलकर एक बाल श्रम विरोधी रैली निकाली गई रैली में बच्चो मजदूरी बंद करो के नारे लगाए।आस्था महिला एवम बाल विकास संस्थान के संस्थापक संतोष कुमार पाण्डेय ने बताया कि बचपन जीवन का सबसे अनमोल समय होता है लेकिन बचपन में पढ़ाई लिखाई के बजाय अगर बच्चे बाल मजदूरी करने लगे तो उनका बचपन नष्ट हो जाता है। हर साल न जाने कितने बच्चे पढ़ाई लिखाई छोड़ कर बाल मजदूरी करने में लग जाते हैं ऐसे बच्चों के बचपन को बचाने के साथ ही इसे लोगों के बीच पहुंचकर जागरूक करने का काम हमारी संस्था करती हैं।हमारी संस्था बराई गांव में ईट भट्ठों पर कार्य करने वाले वनवासी समुदाय के परिवारों के बच्चो को निकालकर उनको शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ा गया उन्होंने बताया कि विश्व बाल श्रम निषेध के अवसर पर बच्चो ने ड्राइंग भी बनाए आर्ट के माध्यम से अपने मनोस्थिति को प्रदर्शित किया। बच्चो में उत्साह था की वह स्कूल जाये भी न कि ईट भट्ठों पर काम करे हमारी संस्था वनवासी समुदाय के लोगो को एक जुट कर उन्हे जागरूक करने का काम करती रहती है संस्था का मुख्य उद्देश्य श्रम से नाता तोड़ेंगे, शिक्षा से नाता जोड़ेंग बाल श्रम मुक्त भारत बनाना है यह हमने ठाना है।

# डीएम के निर्देश पर नगरा पंचायत पहुंचे एसडीएम ने साफ-सफाई पर कसा शिकंजा



रसड़ा (बलिया)। शासन की मंशा के अनुरूप जिला अधिकारी बलिया रविंद्र कुमार के निर्देश के क्रम में उप जिला अधिकारी रसड़ा सदानंद सरोज ने नगर पंचायत नगरा नालों की सफाई बरसात से पहले दिशा निर्देश दिए बाजारों में घूम कर नाला नालियों का जायजा लिए मौके पर मौजूद अधिशासी अधिकारी को एसडीएम ने निर्देशित किया कि बरसात से पहले एक विशेष अभियान चला कर सभी नाले नालियों की सफाई कराना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न कोताही क्षम्य नहीं होगा तथा दोषी बक्शे नहीं जायेंगे। इसी क्रम में नगरा के जनता इंटर कॉलेज, सब्जी मंडी, हनुमान चौक व दुर्गा मंदिर आदि जगहों पर नाला नालियों की साफ सफाई प्राथमिकता के साथ कराने को पंचायत कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक प्रदीप कुमार, बड़े बाबू कर निरीक्षक रवीश कुमार शर्मा, सफाई नायक नीरज चौहान, दीपक पांडे, अंबिकेश कनौजिया, परवेज, शैलेंद्र भारद्वाज, दुर्गेश पांडे मौजूद रहे।

# पहली पुण्यतिथि पर याद किए गए शिक्षक नेता स्व. तेज प्रताप सिंह



रसड़ा (बलिया)। स्थानीय कम्पोजिट विद्यालय रसड़ा के सभागार में रविवार को प्राथमिक शिक्षक संघ रसड़ा के आठ बार अध्यक्ष व जिला मंत्री रहे स्व. तेजप्रताप सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ, जिसमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, उच्च शिक्षा से जुड़े शिक्षकों के अलावा जनप्रतिनिधियों, विभिन्न दलों के नेता, समाजसेवी व व्यापारी नेताओं ने प्रतिभाग कर अपने प्रिय संघर्षशील शिक्षक साथी तेज प्रताप सिंह को नम आंखों से श्रद्धाजंलि अर्पित की। सरल विचार, शानदार नेतृत्व क्षमता और समस्या में भी मुस्कराने वाले तेजप्रताप सिंह के चेहरे और जीवन को याद कर सबकी आंखें नम दिखाई दे रहा था । इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे बीच से एक ऐसा तेजस्वी व समर्पित साथी आज से एक साल पहले विदा हो गया, जिसका हंसमुख चेहरा और अपनी बातों से आकर्षित करने के गुण को भुला पाना ताउम्र मुश्किल है। आदर्श नगर पालिका परिषद रसड़ा के पूर्व अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सोनी ने कहा कि तेजप्रताप सिंह एक कुशल शिक्षक, श्रेष्ठ संगठक और अध्यक्ष रहते हुए भी हमेशा सभी को साथ लेकर चलने की क्षमता रखने वाले आदर्श पुरुष थे। वे शिक्षा, शिक्षालयों के विकास के लिये सदा तत्पर रहते थे। इसी क्रम में प्राशिसं के जिला महामंत्री राजेश पांडे ने कहा कि तेजप्रताप सिंह का जीवन बहुमुखी था, जिसका वर्णन शब्दों से नहीं किया जा सकता। प्राशिसं के जिला उपाध्यक्ष अजय मिश्रा ने कहा कि स्व.तेजप्रताप जी अपनी कार्यशैली से सभी को अपना मित्र बना लेते थे। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व चेयरमैन श्रीमती मोती रानी सोनी, वर्तमान चेयरमैन विनय कुमार जायसवाल, शिक्षक राधेश्याम सिंह, बलवंत सिंह, सुरेश आजाद ,अरुण पांडे मानवेंद्र सिंह, अनिल सिंह, जिलाध्यक्ष शिक्षा मित्र संघ पंकज सिंह, जिला उपाध्यक्ष सूर्यनाथ राम, शिवेंद्र सिंह, वीरेंद्र यादव, ओमप्रकाश, सुरेंद्र सिंह, आलोक सिंह, अजय सिंह, सतीश वर्मा इत्यादि मौजूद रहे। दिवंगत शिक्षक नेता तेज प्रताप सिंह के पुत्र सत्यम सिंह ने सभी के प्रति आभार तथा प्राशिसं रसड़ा के अध्यक्ष बलवंत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# संक्षिप्त खबरें

## चार पहिया वाहन के साथ पुलिस ने दो अभियुक्त किया गिरफ्तार




प्रखर चंदवक जौनपुर। क्षेत्र के बगही (तराव) निवासी आशुतोष पुत्र जगदीश राम 19 वर्ष व कल्लू पुत्र स्व सुधई 30 वर्ष को सोमवार की दोपहर ढाई बजे कछवन मोड़ बहद ग्राम धनरखा से पुलिस गिरफ्तार कर उक्त के संबंध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत न्यायालय भेजा। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा के द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम व क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में चंदवक पुलिस एक अदद चार पहिया वाहन के साथ दो नफर अभियुक्त गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

## सात सूत्री मागों को लेकर तहसील भर के सफाई कर्मचारियों ने रैली निकाली




प्रखर केराकत जौनपुर। सात सूत्री मागों को लेकर केराकत तहसील क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को केराकत में पैदल मार्च किया और तहसील कार्यालय पहुंच कर नायब तहसीलदार अमित कुमार सरोज को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले सभी सफाई कर्मचारिओं ने केराकत रेलवे स्टेशन के पास एक सभा की जिसमें तहसील क्षेत्र के चारो ब्लॉको के अध्यक्षों ने सफाई कर्मचारियों के बारे में सरकार की नीतियों पर जमकर भड़ास निकाली। वक्ताओं ने कहा कि सभी विभागों में कर्मचारियों के सेवा नियमावली की व्यवस्था है। लेकिन ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के लिए नहीं है। सरकार ने सफाई कर्मचारियों को इससे वंचित रखा है। इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों ने कर्मचारी सेवा नियमावली के तहत लाने तथा पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने आदि सात मागें पूरी करने की मांग की। पैदल मार्च में सफाई कर्मचारी विभिन्न स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर और नारेबाजी करते चल रहे थे। तहसील पर्यवेक्षक जितेंद्र सिंह एवं अशोक कुमार गौतम के दिशा निर्देशन में पैदल मार्च का नेतृत्व केराकत ब्लॉक के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, जलालपुर के भानप्रताप सिंह मुफ़्तीगंज के चंद्रप्रकाश सिंह, एवं डोभी के श्रीनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बबलू श्रीवास्तव, शिवप्रकाश राम, भैयालाल कन्नौजिया, अनिल यादव, विकास यादव, राम अजोर नागर, प्रवेश कुमार, ज्ञानचंद, अच्छेलाल, संजय मौर्या आदि भारी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गाजीपुर पुलिस ने किया पेशेवर जामीनदरान के विरुद्ध कार्यवाही

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के तहत अपराध व अपराधियों एवम् पेशेवर जामीनदारान के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन में दिनांक तथा क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद के निकट पर्यवेक्षण में रविवार को थाना मुहम्मदाबाद अन्तर्गत जनपद गाजीपुर के निवासी पेशेवर जामीनदरान द्वारा विभिन्न अपराधों यथा चोरी, लूट, गैंगेस्टर, बलात्कार, गोवध जैसे गम्भीर अपराधों में न्यायिक अभिरक्षा में निरुद्ध अपराधियों की जमानत छल पूर्वक एक ही व्यक्ति जामिनदार द्वारा अलग-अलग अपराध मे अलग-अलग थानों में पंजीकृत अभियोगों के भिन्न भिन्न अभियुक्तों की अलग-अलग वर्षों, तिथियों में बतौर जमानत प्रतिभूत के रूप मे एक ही भूखण्ड की खसरा खतौनी पेश कर माननीय न्यायालय को गुमराह कर एवं धोखे में रखकर झूठा शपथ पत्र देकर साजिश व षड्यन्त्र के तहत मात्र अपने आर्थिक एवं भौतिक लाभ प्राप्त करने एवं अपराधियों को जमानत का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से जमानत लिया गया है, जिनके विरूध्द थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है।

पेशेवर जामीनदरानो का विवरण - 1. सिंहासन पुत्र बैजनाथ निवासी तिवारी टोला कस्बा व थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर। 2. कैलास पुत्र टहल राम निवासी जफरपुरा वार्ड न0 3 कस्या वथाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर। 3. जवाहिर पुत्र जगरन्नाथ यादव निवासी जफरपुरा थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर। 4. सन्तोष पुत्र तुलसी निवासी चकरशीद जफरपुरा कस्बा व थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर। 5. जयनाथ सिंह कुशवाहा पुत्र बन्धू सिंह कुशवाहा निवासी गौसपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर।

## हुई अनोखी शादी, वरमाला के समय दूल्हा दुल्हन ने पौधे देकर लोगों को जागरूक करने पर दिया जोर



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। करंडा क्षेत्र के धरम्मरपुर कोटिया गांव में एक अनोखी शादी देखने को मिली, जो पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दे रही थी। वहीं शादी समारोह में आये लोगो को जागरूक करने की एक मिसाल भी बनी। शादी समारोह में वरमाला के समय पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए दुल्हा दुल्हन ने एक दूसरे को पौधा देकर समाज को एक नया संदेश देने का प्रयास किया है। दरअसल धरम्मरपुर कोटिया गांव में संकठा यादव की बेटी की शादी थी। इसी समारोह में वरमाला के समय दूल्हा दुल्हन ने एक दूसरे को पौधा देकर अन्य कुछ लोगों को भी पौधा दिया। गौरवांवित महसूस कर रहे हैं दूल्हा दुल्हन- वरमाला के समय दूल्हा अर्जित यादव व दुल्हन ममता ने एक दूसरे को वृक्ष देकर खुद को गौरवान्वित महसूस किया। उन लोगों ने अपील की कि नवदंपति विवाह के मौके पर जरूर पौधा देकर पौधा रोपण करें। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपना स्वार्थ छोड़कर प्रकृति को बचाने के लिए सजग रहना होगा। पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पौधे देकर पौधारोपण करना अत्यंत जरुरी है। वृक्ष है तो ही जीवन है। प्रदूषणमुक्त वातावरण के लिए हर घर हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए। मौके पर मौजूद दूल्हे के पिता रामबली यादव व दुल्हन के पिता संकठा यादव ने नवदम्पत्ति को आशीर्वाद देते हुए सराहना किया और कहा किसी भी उत्सव में हम सभी एक-एक पौधा अवश्य लगाये। बता दें कि दूल्हे के पिता रामबली यादव वर्तमान में पीएसी में तैनात हैं।

# पुरुषों की तुलना में कम जोखिम लेती हैं महिलाएं

**शोध में दावा**



लंदन (आईएएनएस)। पुरुषों की तुलना में महिलाएं कम जोखिम लेती हैं क्योंकि वे किसी भी नुकसान के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। एक नए शोध से ये पता चला है। अध्ययन में यह भी पाया गया है कि महिलाओं की तुलना में पुरुष काफी अधिक आशावादी होते हैं, जिससे वे जोखिम लेने के लिए तैयार रहते हैं। ब्रिटिश जर्नल ऑफ साइकोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं कम जोखिम लेने की इच्छा रखती हैं। 53 प्रतिशत महिलाओं को नुकसान का डर रहता है।

यूनिवर्सिटी ऑफ बाथ स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में बिजनेस इकोनॉमिक्स के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. क्रिस डावसन ने कहा, जोखिम लेने में लिंगों के बीच के अंतर से पता चलता है कि क्यों महिलाओं के उद्यमी होने की संभावना कम है, उच्च भुगतान वाली नौकरियों और उच्च प्रबंधन में उनका प्रतिनिधित्व कम है, और

■ क्योंकि वे किसी भी नुकसान के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं

इक्विटी बाजारों में अपने धन का निवेश करने की संभावना कम है। इन सबके बावजूद वास्तव में हम अभी भी इस बारे में बहुत कम जानते हैं कि महिलाएं पुरुषों की तुलना में कम जोखिम क्यों लेती हैं।

डॉ. डावसन ने कहा, जब जोखिम भरे विकल्पों के बारे में सोचते हैं, तो लोग कुछ खोने की संभावना का आकलन करते हैं कि नुकसान कितना दर्दनाक होगा। मैंने पाया कि महिलाएं पुरुषों की तुलना में कम जोखिम लेती हैं क्योंकि वे खोने की संभावना पर अधिक ध्यान केंद्रित करती हैं और संभावित नुकसान से होने वाले दर्द का अधिक अनुभव करती हैं। इस अध्ययन के लिए दो मनोवैज्ञानिक विशेषताओं की संयुक्त भूमिका की जांच की गई नुकसान से बचना और आशावादी होना।

नुकसान से बचने को मापने के लिए, डॉ. डावसन ने 13,575 लोगों के एक सर्वे से डेटा लिया ताकि यह आकलन किया जा सके कि एक वर्ष से अगले वर्ष तक घरेलू आय में परिवर्तन मनोवैज्ञानिक कल्याण में परिवर्तन की भविष्यवाणी कैसे करते हैं। उन्होंने पाया कि महिलाओं की तुलना में पुरुषों के लिए आय का नुकसान कम दर्दनाक है, लिंगों के बीच आय लाभ के मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रियाओं में कोई अंतर नहीं है। यह पूछे जाने पर कि अब से एक साल बाद वे खुद को वित्तीय रूप से कैसे देखते हैं, पुरुष महिलाओं की तुलना में काफी अधिक आशावादी थे।

अनुसंधान बताता है कि यह आशावाद महिलाओं की तुलना में उनकी क्षमताओं के बारे में पुरुषों के ज्यादा आत्मविश्वास से जुड़ा हो सकता है।

# गाय के गोबर से आभूषण, नेम प्लेट बनाने की अनूठी पहल



■ शाहजहांपुर (उप्र)(भाषा)। आमतौर पर ईंधन में इस्तेमाल होने वाले गाय के गोबर से धूपबत्ती, हवन सामग्री आदि का निर्माण सुनने में आता है। लेकिन यहां की एक शिक्षिका गाय के गोबर से आभूषण, नेम प्लेट और अन्य सैकड़ों चीजें बनाती हैं, जो लोगों के बीच खासा लोकप्रिय हो रहे हैं। तिलहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक पाठशाला की अध्यापिका पूजा गंगवार खाली समय का उपयोग गाय के गोबर से आभूषण और अन्य चीजें बनाने में करती हैं और लोगों को इसका प्रशिक्षण भी देती हैं। पूजा गंगवार ने बताया, बेकार समझकर सड़कों पर छोड़ी जा रही देशी गाय को संरक्षण देने और रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से मैंने यह कार्य शुरू किया और अब दूर दराज से लोग हमारे उत्पाद देखने और प्रशिक्षण लेने आ रहे हैं।

■ पूजा गंगवार ने स्वयं 50 देशी गायें पाल रखी हैं और इन्हीं गायों के गोबर से ये उत्पाद बनाए जाते हैं

**अमेजॉन, फ्लिपकार्ट जैसी साइट पर भारी मांग :** उन्होंने कहा, हमने अयोध्या के आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के 100 प्रोफेसर और सैकड़ों छात्र-छात्राओं को भी गाय के गोबर से उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया है और हमारे उत्पादों की अमेजॉन, फ्लिपकार्ट जैसी साइट पर इतनी भारी मांग है कि हम आपूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा, हम जो वस्तुएं बनाते हैं उनमें अगरबत्ती, हवन सामग्री, वॉल हैंगिंग, नेमप्लेट, ट्राफियां शामिल हैं। शाहजहांपुर के जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कहा, पूजा गंगवार की पहल बहुत सराहनीय है। हमने अपने जिले में हर प्रधान को दस-दस देशी गाय पालने के लिए प्रोत्साहित किया है। पूजा की यह मुहिम गौ संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उत्कृष्ट उदाहरण है।

**औषधीय गुण होने के कारण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद :** राजकीय मेडिकल कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. सलीम अहमद के मुताबिक, गाय के गोबर से बने उत्पाद सूखने के बाद अगर घर में रखे जाएं तो यह स्वास्थ्य की दृष्टि से कोई बुरा प्रभाव नहीं डालते हैं तथा इसमें औषधीय गुण होने के कारण यह स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। जिला उद्योग केंद्र के सहायक महाप्रबंधक अरुण कुमार पांडे ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर वह जल्द ही गाय के गोबर से उत्पाद निर्माण के संबंध में एक कार्यशाला आयोजित करेंगे। जिला उद्योग केंद्र के सहायक महाप्रबंधक अरुण कुमार पांडेय ने कहा कि गोबर से बने उत्पादों पर जल्द कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जहां गंगवार लोगों को प्रशिक्षण देंगी।

शाहजहांपुर के पुलिस अधीक्षक एस आनंद की पत्नी देवी आनंद ने गोबर से बने उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए अपने पति के नाम की गोबर से बनी नेम प्लेट अपने घर पर लगा रखी है। इसके अलावा, गोबर से बनी धूपबत्ती, हवन टिक्की और हैंगिंग वॉल का भी वह उपयोग करती हैं। पूजा गंगवार ने स्वयं 50 देशी गायें पाल रखी हैं और इन्हीं गायों के गोबर से ये उत्पाद बनाए जाते हैं। इस काम में करीब एक दर्जन लोग कार्यरत हैं और उन्हें प्रत्येक वस्तु के हिसाब से भुगतान किया जाता है।

# समोसा, जलेबी पिज्जा बर्गर सहित कई आइटम अमरनाथ यात्रा में बैन



श्रीनगर (आईएएनएस)। जंक और अनहेल्दी भोजन पर सख्त कार्रवाई करते हुए श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने रविवार को कहा कि यात्रियों को हलवा पूरी, समोसा, जलेबी, गुलाब जामुन आदि खाद्य पदार्थ यात्रा के दौरान नहीं परोसे जाएंगे। इस साल की 62 दिवसीय अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई से शुरू होगी। एसएएसबी के अधिकारियों ने कहा कि पहलगाम और बालटाल मार्गों पर तीर्थयात्रियों के लिए इस साल 120 से अधिक लंगर (सामुदायिक रसोई) लगाए जा रहे हैं। एक अधिकारी ने कहा, तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए एसएएसबी ने लंगरों में प्रतिबंधित भोजन और खाद्य पदार्थों की एक सूची जारी की है और यह स्पष्ट किया है कि लगभग 120 लंगरों में जंक और तला हुआ भोजन परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लंगर अधिकारियों के साथ प्रतिबंधित और इजाजत दी गई वस्तुओं की सूची भी साझा की गई है।

प्रतिबंधित खाद्य पदार्थों में पूरी, बथुरा, पिज्जा, बर्गर, परांठा, डोसा, तली हुई रोटी, मक्खन वाली ब्रेड, क्रीम आधारित खाद्य पदार्थ, अचार, चटनी, तले हुए पापड़, चाउमीन और अन्य सभी तले हुए/फास्ट फूड, कोल्ड ड्रिंक,

■ तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड ने लंगरों में प्रतिबंधित भोजन और खाद्य पदार्थों की एक सूची जारी की है

■ इस साल की 62 दिवसीय अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई से शुरू होगी

कराह हलवा, जलेबी, गुलाब जामुन, लड्डू, खोया की बर्फी, रसगुल्ला और अन्य सभी हलवाई आइटम के अलावा स्नैक्स (वसा और नमक में उच्च) चिप्स/ कुरकुरे, मट्ठी, नमकीन मिश्रण, पकोड़ा, समोसा, तले हुए सूखे मेवे और अन्य सभी डीप फ्राई आइटम शामिल हैं। इसमें मांसाहारी भोजन, शराब, तंबाकू, गुटखा, पान मसाला, सिगरेट, अन्य नशीले पदार्थ भी शामिल हैं। जिन खाद्य पदार्थों की इजाजत दी गई है उनमें अनाज, दाल, हरी सब्जियां, हरा सलाद, फल और अंकुरित अनाज, चावल, गुड़, सांबर, इडली, उत्तपम, पोहा, हर्बल चाय, कॉफी, कम वसा वाले दही, शरबत, नींबू स्क्वैश/पानी, अंजीर, किशमिश, खुबानी, और अन्य सूखे मेवे शामिल हैं। इसके अलावा, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं जम्मू और कश्मीर ने सभी संबंधित अधिकारियों को यात्रा की अवधि के दौरान डॉक्टरों और पैरा मेडिकल स्टाफ के अवकाश आवेदनों को मंजूरी नहीं करने का निर्देश दिया है।

# करना चाहते थे समाज का 'सफाया', अब कर रहे साफ-सफाई का काम

शिवसागर (असम) (भाषा)। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन उल्फा के पूर्व स्वयंभू लेफ्टिनेंट बिपुल कालिता एक समय किशोरावस्था में बंदूकों के जरिए समाज का 'सफाया' करने निकले थे, लेकिन उनकी परिपक्वता उन्हें वापस मुख्यधारा में ले आई और अब वह असम में अपने गृह नगर शिवसागर में कचरा साफ करने से जुड़े एक उद्यमी बन गए हैं। पचास वर्ष से अधिक आयु के हो चुके कालिता 'संप्रभु असम' की स्थापना के अपने सपने को साकार करने के लिए लगभग 12 वर्ष तक यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के लिए काम करते रहे।

उन्होंने वर्ष 2000 में हथियार डाल दिए और तब से राज्य के पूर्वी हिस्से में अपने पैतृक स्थान पर अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ जीवन बिता रहे हैं। शुरुआती कुछ वर्षों तक छुटपुट काम करने के बाद, कालिता ने 2016 में एक उद्यमी बनने का फैसला किया और सात-आठ भागीदारों के साथ घर-घर जाकर कचरा एकत्र करना शुरू कर दिया। कालिता ने कहा, हमने शिवसागर शहर के 14 वार्ड में कचरा संग्रह का काम शुरू किया। हमने डिब्रूगढ में उचित अपशिष्ट निपटान के बारे में जागरूकता अभियान चलाया। हालांकि हम शुरुआत में सात-आठ लोग थे, जिनमें से अधिकतर ने यह काम छोड़ दिया क्योंकि वे इसे एक उपयुक्त नौकरी नहीं मानते थे।

■ उल्फा के पूर्व लेफ्टिनेंट बिपुल कालिता की मुख्यधारा में लौटने की कहानी

मैंने अपने एनजीओ 'रूपांतर' के साथ अकेले इसे जारी रखा और जल्द ही छह अन्य नागरिक समाज संगठनों से मदद मिली। असम में गैर-सरकारी संगठन शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर कचरा संग्रह करने का कार्य कर रहे हैं। कालिता के पास सात वाहन और कर्मचारी हैं, जिनमें ड्राइवर और अन्य सहयोगी शामिल हैं। इनका काम कचरा इकट्ठा करना और निपटान करना होता है। उन्होंने कहा, हमारे साथ 20-25 महिलाएं भी काम करती हैं। कचरा संग्रहण के अलावा, हमारे पास कचरे को खाद में बदलने की दो मशीन हैं। ये शिवसागर नगरपालिका बोर्ड द्वारा लगाई गई थीं।


मशीन के आपूर्तिकर्ता नई दिल्ली से आए थे और कालिता तथा उनकी टीम को कचरे को खाद में बदलने के लिए प्रशिक्षित किया था, लेकिन इस प्रक्रिया के लिए आवश्यक रसायन राष्ट्रीय राजधानी से मंगाना पड़ता है, जो उनके लिए एक समस्या रही है। उग्रवादी से उद्यमी बने कालिता के लिए 'वित्तीय संकट सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है' क्योंकि उनका उद्यम केवल घरों और व्यावसायिक भवनों से एकत्र किए गए मामूली मासिक शुल्क पर निर्भर है। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा, अब समय बदल गया। जब हमने हथियार उठाए थे तो वह एक अलग उम्र थी। हम अब संगठन और सरकार के बीच शांति वार्ता का अनुसरण कर रहे हैं, लेकिन नई दिल्ली की कुछ यात्राओं को छोड़कर, कुछ भी नहीं हुआ है।

# मधु मंटेना व इरा त्रिवेदी की मेहंदी में शामिल हुए आमिर, ऋतिक, राजकुमार



मुंबई (आईएएनएस)। उड़ता पंजाब के निर्माता मधु मंटेना और लेखिका व योगा टीचर इरा त्रिवेदी की शादी की रस्में शुरू हो गई है। शनिवार रात मेहंदी समारोह हुआ। यह समारोह मुंबई के बांद्रा इलाके में कपल के पाली हिल घर में आयोजित किया गया और इसमें कई बॉलीवुड हस्तियों ने भाग लिया। आमिर खान, जिन्होंने मंटेना की फिल्म गजनी में काम किया, ऋतिक रोशन, राजकुमार राव के साथ पत्नी पत्रलेखा, निर्माता निखिल द्विवेदी और उनकी पत्नी गौरी पंडित ने समारोह में शिरकत की और नई शुरूआत के लिए कपल को शुभकामनाएं दीं। मंटेना और त्रिवेदी ने पहले नेट पर एक खूबसूरत शादी का निमंत्रण पोस्ट किया था। इसमें शादी की तारीख और आफ्टर पार्टी का जिक्र था। शादी रविवार को है और पार्टी 12 जून को होगी। सेलिब्रेशन मुंबई में हो रहा है। मंटेना, जिन्होंने गजनी, अग्ली और उड़ता पंजाब का निर्माण किया है, की यह दूसरी शादी है। उनकी पहली पत्नी फैशन डिजाइनर मसाबा गुप्ता है। उनकी यह शादी 2015 से 2019 के बीच चली और फिर आधिकारिक रूप से तलाक हो गया था।

# पंजाबी एक्टर मंगल ढिल्लों का कैंसर से निधन



चंडीगढ़ (आईएएनएस)। कैंसर से जूझ रहे पंजाबी सिने स्टार, निर्देशक और निर्माता मंगल ढिल्लों का अपने जन्मदिन से ठीक एक हफ्ते पहले रविवार को लुधियाना के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 48 वर्ष के थे। पंजाब के फरीदकोट के रहने वाले ढिल्लों ने फिल्मों और धारावाहिकों की दुनिया में अपनी पहचान बनाई थी। उन्होंने कुछ सालों तक नई दिल्ली और मुंबई में कमर्शियल वॉयस देने के अलावा दूरदर्शन और रेडियो प्ले में काम किया। 1987 में उन्हें रमेश सिप्पी के टीवी धारावाहिक बुनियाद में लुभया राम की भूमिका मिली। बुनियाद के बाद उन्होंने लगभग 25-30 हिंदी फीचर फिल्मों और टेलीविजन धारावाहिकों में काम किया। उनमें युगांधर, लक्ष्मण रेखा, निशाना, विश्वात्मा, खून भरी मांग और आजाद देश के गुलाम प्रमुख हैं। जुनून, पैंथर, घुटन, किस्मत और नूरजहां जैसे सीरियल्स भी उन्होंने किए। ढिल्लों के निधन से दुखी शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने कहा कि यह भारतीय सिनेमा की दुनिया के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने ट्वीट किया, उनकी मंत्रमुग्ध कर देने वाली आवाज और नाटकीय प्रदर्शनों को कई लोग याद करेंगे। मैं शोक संतप्त परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।


# विन डीजल को आई दीपिका की याद





मुंबई (वार्ता)। हॉलीवुड अभिनेता विन डीजल ने बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के लिए एक पोस्ट शेयर किया है। दीपिका पादुकोण ने फिल्म 'ट्रिपल एक्सः द रिटर्न ऑफ जेंडर केज' के साथ हॉलीवुड डेब्यू किया था। वह इस फिल्म में विन डीजल के साथ नजर आई थीं। विन डीजल ने सोशल मीडिया पर दीपिका पादुकोण के साथ एक पिक्चर शेयर की है, जो इसी फिल्म से जुड़ा है। इस पिक्चर के साथ विन ने दीपिका के लिए एक खास नोट भी लिखा है। विन ने अपने इंस्टा अकाउंट पर लिखा, स्पीरिट मुझे आगे बढ़ाती है दीपिका पादुकोण मेरे साथ काम करने वाले सबसे पसंदीदा लोगों में से एक है। वह मुझे भारत लेकर गईं और यह मुझे बहुत पसंद आया। मैं वापिस आने का सोच रहा हूं, सारा प्यार, हमेशा। विन डिजल ने इस पोस्ट में दीपिका पादुकोण को टैग किया है। जिसके रिप्लाई में दीपिका ने विन की यह पोस्ट अपनी इंस्टा स्टोरी में शेयर की है। जिसके कैप्शन में उन्होंने कई हार्ट इमोजी शेयर किया हैं।

# 'एनिमल' का प्री टीजर रिलीज



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म एनिमल का प्री टीजर रिलीज कर दिया गया है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर के साथ अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में हैं। एनिमल का प्री टीजर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म एनिमल के प्री-टीर में रणबीर कपूर एक्शन से भरपूर अवतार में नजर आ रहे हैं। फिल्म एनिमल को 11 अगस्त 2023 को 5 भाषाओं हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम में वर्ल्डवाइड थिएटर रिलीज किया जाएगा। फिल्म एनिमल भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी की सिने1 स्टूडियो और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा निर्मित है।

# इरफान के व्यक्तित्व पर किताब लिखना चाहती हूं : सुतापा



मुंबई (भाषा)। दिवंगत अभिनेता इरफान खान की पत्नी सुतापा सिकदर ने कहा है कि वह उनके व्यक्तित्व के मजेदार पहलुओं पर एक किताब लिखना चाहती हैं। खान, तीन दशक से अधिक समय के अपने करियर में 'मकबूल', 'द नेमसेक', 'पान सिंह तोमर', 'हैदर', 'पिकू' और 'द लंचबॉक्स' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय को लेकर सराहे गए। अप्रैल 2020 में, कैंसर के कारण 54 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। सुतापा ने कहा कि वह जब भी किताब लिखेंगी, उसमें भावनात्मक सफर को बयां नहीं करना चाहेंगी। उन्होंने कहा, लोग उन्हें भयभीत करने वाला और बेहद गंभीर व्यक्ति मानते थे, लेकिन वह वास्तविक जीवन में ऐसे नहीं थे। अभी यह पुस्तक पूरी नहीं हुई है (लेकिन कुछ समय में पूरी हो जाएगी)। पैन मैकमिलन इंडिया द्वारा प्रकाशित शुभ्रा मुखर्जी की पुस्तक 'इरफान खानः ए लाइफ इन मूवीज' खान के राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के शुरुआती दिनों से लेकर लगभग एक दशक के टीवी करियर और फिर फिल्म जगत के क्रमिक सफर को बयां करती है।

**खबर संक्षेप**

### एलएंडटी फाइनेंस ग्रुप का खुदरा क्षेत्र पर जोर

**कोलकाता।** लार्सन एंड टुब्रो समूह की गैर-बैंक वित्तीय शाखा एलएंडटी फाइनेंस ग्रुप दीर्घावधि की रणनीति के तहत खुदरा वित्त पर जोर देगी। कंपनी ने इस दौरान 25 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

### बीपीसीएल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगीः प्रधान



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने कहा कि उसकी बरगढ़ 2जी बायो-रिफाइनरी एथनॉल उत्पादन करने के लिए चावल के भूसे का इस्तेमाल करेगी। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि इससे चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और बेकार चीजों के बेहतर उपयोग हो सकेगा।

### सेबी ने मई में किया 2,457 शिकायतों का निपटान



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मई में अपने स्कोर्स मंच के जरिये कंपनियों और बाजार मध्यवर्तियों के खिलाफ कुल 2,457 शिकायतों का निपटान किया। मई की शुरुआत में 2,984 शिकायतें लंबित थीं और 2,626 नई शिकायतें प्राप्त हुईं। नियामक ने बताया कि मई, 2023 तक 28 शिकायतें तीन महीने से अधिक समय से लंबित थीं।

### पंजाब नेशनल बैंक के लिए 2023-24 स्वर्णिम वर्ष



**नई दिल्ली।** बहुआयामी रणनीति और लक्ष्य पर लगातार ध्यान केंद्रित करने के कारण पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के लिए 2023-24 एक 'स्वर्णिम वर्ष' होगा। बैंक के प्रबंध निदेशक अतुल कुमार गोयल ने यह बात कही। गोयल ने शेयरधारकों को अपने संदेश में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पीएनबी ने बहुआयामी रणनीति अपनाई है।

### बाजार पूंजीकरण में टीसीएस व लीवर को नुकसान



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 83,637.96 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), हिंदुस्तान यूनिलीवर और इन्फोसिस को हुआ।

### आईआईएफटी तीन पायदान फिसला



**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय के तहत भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा (एनआईआरएफ) रैंकिंग-2023 में प्रबंधन श्रेणी में तीन पायदान फिसलकर 27वें स्थान पर आ गया है। एनआईआरएफ के तहत रैंकिंग हाल में मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा जारी की गई है। पिछले साल आईआईएफटी 24वें स्थान पर था, जबकि 2021 में यह 25वें स्थान पर था। 2020 में आईआईएफटी की रैंकिंग 26वीं थी और 2019 में यह 31वें स्थान पर था।

# एसईसीएल गेवरा को बनाएगी दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खदान

एजेंसी ⏭ बिलासपुर/कोरबा

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) अपनी गेवरा खदान की क्षमता बढ़ाकर सात करोड़ टन करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। इससे चालू वित्त वर्ष के अंत तक गेवरा दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक खान बन जाएगी। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक प्रेम सागर मिश्रा ने यह जानकारी दी। मिश्रा ने बिलासपुर में कहा कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगभग 193 किलोमीटर दूर कोरबा में स्थित एसईसीएल की गेवरा खदान वर्तमान में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी कोयला खान है।

### दो बड़ी कोयला खदानें अमेरिका में

मिश्रा ने बताया कि दो सबसे बड़ी कोयला खानें अमेरिका में हैं जबकि एक इंडोनेशिया में है। मिश्रा ने कहा, 'हम गेवरा खान के विस्तार की प्रक्रिया में हैं। हम इसे दुनिया का सबसे बड़ी कोयला उत्पादक स्थल बनाना चाहते हैं। हमारा गेवरा की उत्पादन क्षमता को सात करोड़ टन सालाना करने का लक्ष्य है।'

**एसईसीएल की खदान क्षमता बढ़ाकर सात करोड़ टन करने का लक्ष्य**

### वर्ष के अंत तक हासिल होगा लक्ष्य

वित्त वर्ष 2022-23 में गेवरा खान का उत्पादन 5.25 करोड़ टन रहा था। मिश्रा ने कहा कि यह साल के लिए हमारे तय लक्ष्य से अधिक है। सात करोड़ टन का लक्ष्य कब तक हासिल होगा इस सवाल पर कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ने कहा कि हमारा इसे चालू वित्त वर्ष के अंत तक हासिल करने का लक्ष्य है।

*गेवरा खदान वर्तमान में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी कोयला खान है*



### पर्यावरणीय मंजूरी का इंतजार

हमें पर्यावरणीय मंजूरी का इंतजार है, जो वित्त वर्ष के मध्य तक मिल सकती है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने लगभग दो करोड़ टन उत्खनन क्षमता के लिए पर्यावरणीय मंजूरी के लिए आवेदन किया है। गेवरा खदान के बारे में मिश्रा ने बताया कि यह एक खुली खदान है, जो 27 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैली हुई है।

### 600 मीटर की गहराई तक खदान की खुदाई

करीब 600 मीटर की गहराई तक खदान की खुदाई की गई है। ब्लॉक से रोजाना करीब 1.5 लाख टन कोयले का खनन होता है। एसईसीएल गेवरा को पेंड्रा रोड से जोड़ने वाला एक रेलवे गलियारा और दो 'साइलो' भी बना रही है। इसके अलावा वह ब्लॉक से कोयले के तेजी से लदान और परिवहन के लिए दो करोड़ टन सालाना क्षमता का कोयला रखरखाव संयंत्र स्थापित करने की भी प्रक्रिया में है।

## आरबीआई के आठ फीसदी के अनुमान से वृद्धि दर काफी कम

# जून तिमाही में 6.3 फीसदी रहेगी भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर : मूडीज

- राजकोषीय मोर्चे पर फिसलन का जोखिम
- राजस्व उम्मीद से कम रहने की आशंका
- भारत का सामान्य सरकारी कर्ज जीडीपी के काफी उच्च स्तर पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी मूडीज का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष (2023-24) की पहली जून में समाप्त होने वाली तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 6-6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इसके साथ ही मूडीज ने सरकार का राजस्व उम्मीद से कम रहने की वजह से राजकोषीय मोर्चे पर 'फिसलन' की भी आशंका जताई है।

मूडीज का वृद्धि दर का अनुमान 2023-24 की पहली तिमाही के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के आठ प्रतिशत के अनुमान से काफी कम है। मूडीज इन्वेस्टर सर्विसेज के एसोसिएट प्रबंध निदेशक जीन फैंग ने कहा कि 2022-23 के लिए भारत का सामान्य सरकारी कर्ज सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के काफी उच्चस्तर यानी 81.8 प्रतिशत पर रहा है जबकि ऋण क्षमता इससे काफी कम है।


### भारत के पास ऊंची वृद्धि दर हासिल करने की क्षमता

फैंग ने कहा कि भारत के पास ऊंची वृद्धि हासिल करने की क्षमता है और इसकी ताकत सरकारी ऋण के लिए स्थिर घरेलू वित्तीय आधार और मजबूत बाहरी स्थिति है। फैंग ने कहा, 'हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत की वृद्धि दर लगभग 6-6.3 प्रतिशत होगी, जो वित्त वर्ष 2022-23 की अंतिम तिमाही में दर्ज 6.1 प्रतिशत की वृद्धि के आसपास ही है।'

### परिवारों की मांग सुधरेगी

फैंग ने कहा कि मुद्रास्फीति के नीचे आने की वजह से हमें उम्मीद है कि परिवारों की मांग सुधरेगी। फैंग ने कहा कि 'बीएए3' की सॉवरेन रेटिंग के साथ भारत की ताकत उसकी बड़ी और विविधता वाली अर्थव्यवस्था है जिसमें ऊंची वृद्धि दर हासिल करने की क्षमता है। इसका अंदाजा कमजोर वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच वृद्धि के मजबूत अनुमान से लगाया जा सकता है।





### कमजोर वैश्विक मांग प्रमुख कारण

फैंग ने कहा, चूंकि सरकार उच्च मुद्रास्फीति और कमजोर वैश्विक मांग तथा मई, 2024 में होने वाले आम चुनाव से पहले अर्थव्यवस्था को समर्थन देने की अपनी अधिक तात्कालिक प्राथमिकता के खिलाफ दीर्घकालिक राजकोषीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को संतुलित कर रही है, ऐसे में हमें लगता है कि राजकोषीय मोर्चे पर फिसलन की आशंका है।

### राजकोषीय घाटा घटकर 6.4 फीसदी

फैंग ने कहा कि सरकार ने राजकोषीय नीति पर चिंताओं को दूर करते हुए पिछले दो साल में अपने राजकोषीय लक्ष्यों को व्यापक रूप से हासिल किया है। सरकार का राजकोषीय घाटा 2022-23 में घटकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 6.4 प्रतिशत रह गया, जो 2021-22 में 6.7 प्रतिशत था।

### कैलेंडर साल के आधार पर 5.5 फीसदी रहने की उम्मीद

मूडीज का अनुमान है कि पूरे 2023-24 के वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहेगी, जबकि अगले वित्त वर्ष में यह 6.3 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। कैलेंडर साल के आधार पर मूडीज को 2023 में वृद्धि दर के 5.5 प्रतिशत पर रहने की उम्मीद है, जो 2024 में बढ़कर 6.5 प्रतिशत हो सकती है।

# फेड के नतीजों से तय होगी बाजार की दिशा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) और मुद्रास्फीति जैसे वृहद आर्थिक आंकड़े इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। इसके अलावा अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व का ब्याज दर पर निर्णय तथा वैश्विक रुख भी स्थानीय बाजारों के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उनका कहना है कि विदेशी कोषों की गतिविधियां भी शेयर बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगी।



- इस सप्ताह मुद्रास्फीति और आईआईपी के आंकड़े होंगे जारी

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तकनीकी शोध अजित मिश्रा ने कहा, 'अब सभी की निगाहें संकेतकों के लिए अमेरिकी केंद्रीय बैंक की बैठक के नतीजों पर है, जो 14 जून को आएंगे। बाद के सत्रों में यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) और बैंक ऑफ जापान (बीओजे) भी अपने नीतिगत निर्णयों की घोषणा करेंगे।' मिश्रा ने कहा, 'वृहद आर्थिक मोर्चे पर बाजार भागीदारों की निगाह इस सप्ताह आईआईपी, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति और थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगी। इसके अलावा मानसून की प्रगति पर भी सभी की निगाह रहेगी।' वृहद आर्थिक मोर्चे पर अप्रैल के औद्योगिक उत्पादन तथा मई के मुद्रास्फीति के आंकड़े सोमवार को आएंगे।

### कच्चे तेल के दाम भी प्रभावित करेंगे बाजार

शेयर बाजार के निवेशकों की निगाह वैश्विक स्तर पर बेंट कच्चे तेल के दाम और रुपये के उतार-चढ़ाव पर भी रहेगी। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 78.52 अंक या 0.12 प्रतिशत के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 29.3 अंक या 0.15 प्रतिशत की बढ़त रही

# बीते वित्त वर्ष में यूएई रहा भारत में चौथा सबसे बड़ा निवेशक

- दोनों देशों के बीच मई में लागू हुआ था एफटीए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) बीते वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान भारत में चौथा सबसे बड़ा निवेशक बनकर उभरा है। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच पिछले साल मई में वृहद मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) लागू हुआ था।

- भारत में एफडीआई सालाना आधार पर तीन गुना

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के मुताबिक, बीते वित्त वर्ष में यूएई से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) सालाना आधार पर तीन गुना होकर 3.35 अरब डॉलर हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 1.03 अरब डॉलर था। भारत में एफडीआई के लिहाज से यूएई वित्त वर्ष 2021-22 में सातवें स्थान पर था और 2022-23 में वह चौथे स्थान पर आ गया। बीते वित्त वर्ष में 17.2 अरब डॉलर के निवेश के साथ सिंगापुर भारत में सबसे बड़ा निवेशक था। इसके बाद मॉरीशस (6.1 अरब डॉलर) और अमेरिका (छह अरब डॉलर) का स्थान था।

### श्रेय नीतिगत सुधारों को

शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के भागीदार रुद्र कुमार पांडेय ने कहा कि भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय संबंधों और निवेश सहयोग के मजबूत होने का श्रेय नीतिगत सुधारों को दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसमें वृहद आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) का महत्वपूर्ण स्थान है।

# भारत के विमानन बाजार में सभी अवसर उपलब्ध



**इस्तांबुल।** भारत वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है, जो सभी तरह के अवसरों की पेशकश करता है। विमानन कंपनियों के समूह स्टार अलायंस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) थियो पैनागियोटौलियास ने यह बात कही। उन्होंने साथ ही कहा कि एयर इंडिया अपने कारोबार में आमूलचूल बदलाव के लिए एक ठोस मिशन पर है। स्टार अलायंस में एयर इंडिया, लुफ्थांसा, सिंगापुर एयरलाइंस और साउथ अफ्रीकन एयरलाइंस सहित 26 विमानन कंपनियां शामिल हैं। यह वैश्विक समूह 25 से अधिक वर्षों से काम कर रहा है। गठबंधन के लंबे समय से सदस्य रहे एयर इंडिया के बारे में पैनागियोटौलियास ने कहा कि एयरलाइन एक 'बहुत ठोस मिशन' पर है और उसने अपने व्यवसाय में एक बड़े बदलाव की शुरुआत की है।

# मई में शेयरों में म्यूचुअल फंड का निवेश 2,400 करोड़ रुपए

- कंपनियों ने अप्रैल में शेयरों से निकासी की थी
- अर्थव्यवस्था में तरलता का स्तर संतोषजनक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



म्यूचुअल फंड कंपनियों ने पिछले महीने यानी मई में शेयरों में 2,400 करोड़ रुपये लगाए हैं। इससे पहले अप्रैल में उन्होंने शेयरों से निकासी की थी। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के मजबूत आंकड़ों, मुद्रास्फीति के नियंत्रित स्तर पर आने तथा अर्थव्यवस्था में तरलता का स्तर संतुलित होने के बीच म्यूचुअल फंड शेयरों में निवेश कर रहे हैं। आनंद राठी वेल्थ के उप-मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फिरोज अजीज ने कहा, 'सकारात्मक वृहद आंकड़ों तथा निफ्टी में शेयर मूल्य उचित स्तर पर होने के बीच आगे हम शेयरों में म्यूचुअल फंड निवेश में बढ़ोतरी देख सकते हैं।' निवेशक-अनुकूल नीतियों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के प्रति वैश्विक बाजार की धारणा से शेयरों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों और म्यूचुअल फंड का निवेश बढ़ रहा है।''

**एमएफ व एफपीआई के निवेश में काफी अंतर**

*भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फंड कंपनियों ने मई में शेयरों में शुद्ध रूप से 2,446 करोड़ रुपये का निवेश किया, जबकि अप्रैल में उन्होंने 4,533 करोड़ रुपये की निकासी की थी। हालांकि, म्यूचुअल फंड और एफपीआई के निवेश में काफी अंतर है।*

## पिछले सप्ताह खाद्य तेलों के दाम सुधरे...



**नई दिल्ली।** आयातित सोयाबीन और सूरजमुखी के दाम में मामूली वृद्धि के साथ मलेशिया में खाद्य तेलों के दाम सुधरने के बीच दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह ज्यादातर तेल-तिलहनों के दाम पिछले सप्ताहांत के मुकाबले लाभ के साथ बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में सोयाबीन तेल का दाम 980-985 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 1,020-1,025 डॉलर प्रति टन हो गया। जबकि सूरजमुखी तेल का दाम 860 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 880 डॉलर प्रति टन हो गया। मलेशिया में खाद्य तेलों के दाम में सुधार के कारण यहां लगभग सभी खाद्य तेल-तिलहनों की कीमतों में वृद्धि हुई। लेकिन खाद्य तेलों के दाम में इस मामूली सुधार को तेजी समझना गलत होगा। उदाहरण के लिए सूरजमुखी तेल को देखें तो साल भर पहले इसका दाम लगभग 2,500 डॉलर प्रति टन था और अब सुधार के बाद भी मौजूदा समय में इसका भाव 880 डॉलर ही है।

# शिपिंग कॉरपोरेशन ने लिए बोलियां मंगवाएगी सरकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- 31 मार्च, 2022 तक इस कंपनी का मूल्यांकन 2,392 करोड़ रुपए था
- एससीआई के प्रत्येक शेयरधारक को एससीआईएलएएल का एक शेयर मिलेगा

सरकार शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एससीआई) के गैर-प्रमुख संपत्ति कारोबार एससीआईएलएएल की शेयर बाजार में सूचीबद्धता के बाद एससीआई के निजीकरण के लिए वित्तीय बोलियां आमंत्रित करेगी।

एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सरकार ने एससीआई की गैर-प्रमुख संपत्तियों को अलग कंपनी शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लैंड एंड एसेट्स लि. (एससीआईएलएएल) में विभाजित कर दिया है। 31 मार्च, 2022 तक इस कंपनी का मूल्यांकन 2,392 करोड़ रुपये था। विभाजन की प्रक्रिया के तहत एससीआईएलएएल को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध किया जाएगा और एससीआई के प्रत्येक शेयरधारक को एससीआईएलएएल का एक शेयर मिलेगा। एक अधिकारी ने बताया कि एससीआईएलएएल की शेयर बाजार में सूचीबद्धता जून तक होगी। 'उसके बाद एससीआई के निजीकरण को लेकर चीजें साफ होंगी और फिर वित्तीय बोलियां आमंत्रित की जाएंगी।' फिलहाल एससीआई में सरकार की 63.75 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने फरवरी में शिपिंग कॉरपोरेशन और एससीआईएलएएल के बीच व्यवस्था को मंजूरी दी थी। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नवंबर, 2020 में शिपिंग कॉरपोरेशन के रणनीतिक निवेश को सैद्धान्तिक मंजूरी दी थी। दिसंबर, 2020 में निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने प्रबंधन नियंत्रण के हस्तांतरण के साथ एससीआई में अपनी पूरी हिस्सेदारी की बिक्री के लिए रुचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए थे। मार्च, 2021 में उसे एससीआई के निजीकरण के लिए कई ईओआई मिले थे।

### विनिवेश से 51 हजार करोड़ जुटाने का लक्ष्य

उल्लेखनीय है कि सरकार ने चालू वित्त वर्ष में विनिवेश से 51,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। अभी तक सरकार ने अल्पांश हिस्सेदारी बिक्री से 4,235 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

## दिवाला प्रक्रिया शुरू करने के लिए एनसीएलटी में याचिका दाखिल

# गो फर्स्ट के बाद अब स्पाइसजेट एयरलाइंस की हालत खराब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सस्ती एयर टिकट देने वाली एक और एयरलाइंस स्पाइसजेट के दिवालिया होने की नौबत आ गई है। कंपनी के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया शुरू करने की एक याचिका नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में दाखिल की गई है।

- एनसीएलटी याचिका पर आज करेगी सुनवाई

एनसीएलटी की केस लिस्ट के हिसाब से इस याचिका पर सोमवार 12 जून को सुनवाई होनी है। स्पाइसजेट को एयर क्राफ्ट किराए पर देने वाली डबलिन की कंपनी विलमिंगटन ट्रस्ट एसपी सर्विसेस लिमिटेड ने एनसीएलटी में याचिका दायर की है। कंपनी ने अपनी याचिका में स्पाइसजेट के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया है। स्पाइसजेट के खिलाफ अगर ये याचिका मंजूर होती है तो देश में लो-कॉस्ट फेयर एयरलाइंस के भविष्य पर सवाल खड़े हो जाएंगे।

### गो फर्स्ट की फ्लाइट्स 3 मई से बंद पड़ी

पिछले महीने ही गो फर्स्ट जैसी कंपनी दिवालिया होने की कगार पर पहुंच गई थी और खुद को दिवाला प्रक्रिया से बचाने के लिए कंपनी ने एनसीएलटी का रुख किया था। गो फर्स्ट की फ्लाइट्स 3 मई से बंद पड़ी हैं। कंपनी को कर्ज देने वाले बैंकों ने एक कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स बनाई है, जो 12 जून को एक नया रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल नियुक्त भी करेंगी।



### स्पाइसजेट से वापस मांग चुकी हैं विमान

दरअसल ये मामला पिछले महीने विलमिंगटन समेत कुल तीन कंपनियों के एविएशन रेग्युलेटर डीजीसीए से उनके विमानों को डी-रजिस्टर करने से जुड़ा है। स्पाइसजेट के आग्रह पर डीजीसीए ने उसके तीन एयर क्राफ्ट को डी-रजिस्टर कर दिया था। विलमिंगटन के अलावा स्पाइसजेट को साबरमती एविएशन लीजिंग असैर फाल्गू एविएशन लीजिंग ने अपने एयर क्राफ्ट्स किराए पर दिए हुए थे।

### स्पाइसजेट की फ्लीट में 67 विमान

इससे पहले एनसीएलटी ने स्पाइसजेट को इस याचिका पर एक नोटिस जारी भी किया था। स्पाइसजेट के प्रवक्ता का कहना है कि ये तीनों ही एयर क्राफ्ट पहले से उड़ान नहीं भर रहे हैं। ऐसे में इन विमानों के जाने का उस पर असर नहीं होगा। कंपनी इस मामले को सुलझाने की कोशिश कर रही है। एक एविएशन सेक्टर ट्रैकिंग करने वाली वेबसाइट के मुताबिक स्पाइसजेट के पास इस समय 67 विमानों की फ्लीट है।

# भारतीय महिला टीम पहली बार बनी जूनियर एशिया कप हॉकी चैंपियन



काकामिगाहारा

भारत ने रविवार को यहां चार बार के चैंपियन दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर पहली बार महिला जूनियर हॉकी एशिया कप का खिताब जीता। पहला क्वार्टर गोल रहित बराबर रहने के बाद भारत ने 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर अनु के गोल की बदौलत बढ़त बनाई। जापान के खिलाफ सेमीफाइनल की निराशा को पीछे छोड़ते हुए अनु ने गोलकीपर के बाईं ओर से गोल दागते हुए भारत को 1-0 से आगे किया। दक्षिण कोरिया ने हालांकि तीन मिनट बाद पार्क सियो यिओन के गोल की बदौलत स्कोर 1-1 कर दिया। नीलम ने 41वें मिनट में दक्षिण कोरिया की गोलकीपर के दाईं ओर से गोल दागकर भारत को 2-1 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। भारतीय टीम ने इसके बाद अंतिम क्वार्टर में अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। दक्षिण कोरिया को पेनल्टी कॉर्नर के रूप में गोल करने के कई मौके मिले लेकिन टीम इसका फायदा नहीं उठा सकी। इससे पहले महिला जूनियर एशिया कप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2012 में था जब टीम बैंकॉक में पहली बार फाइनल में पहुंची थी लेकिन चीन से 2-5 से हार गई।

## टीम इंडिया का आत्मविश्वास बढ़ाने वाली खिताबी जीत



बेंगलुरु। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को एशिया कप चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले गोलकीपर मोहित शशिकुमार की नजरें इस साल दिसंबर में मलेशिया में होने वाले जूनियर विश्व कप में जीत के साथ बड़ी उपलब्धि हासिल करने पर हैं। भारत ने ओमान के सलालाह में फाइनल में पाकिस्तान को 2-1 से हराया। इस मैच में कर्नाटक के इस गोलकीपर ने कुछ शानदार बचाव किए थे। जूनियर एशिया कप के दौरान सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुने गए मोहित ने कहा, 'एशिया कप का खिताब जीतना शानदार अहसास है और अब हम आधिकारिक तौर पर एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं। यह गर्व की अनुभूति है। मुझे यकीन है कि दुनिया अब हमारे खेल पर ध्यान देगी। यह (जूनियर) विश्व कप से पहले आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है और अब हम अपने अनुभव को और बढ़ाना चाहते हैं। इसके लिए हम यूरोपीय टीमों के खिलाफ खेलना चाहते हैं।'

## खबर संक्षेप



### वनुआतु के खिलाफ भारत का मैच आज

भुवनेश्वर। मंगोलिया पर शानदार जीत के बाद भारतीय टीम सोमवार को यहां चार देशों के इंटरकांटिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट में वानुआतु के खिलाफ जब मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ फाइनल में जगह पक्की करने की होगी। भारत ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में मंगोलिया को 2-0 से हराया था, जबकि वानुआतु को लेबनान से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में अगर भारतीय टीम वनुआतु के खिलाफ जीत दर्ज करती है तो वह फाइनल में जगह पक्की कर लेगी।

### ओडिशा को रग्बी सेवंस में दोहरा खिताब



पुणे। ओडिशा ने महिला राष्ट्रीय रग्बी सेवंस में दबदबा बनाते हुए यहां बालेवाड़ी के श्री शिव छत्रपत्ति खेल परिसर में सीनियर और जूनियर वर्ग के खिताब जीते। ओडिशा की सीनियर महिला टीम ने शनिवार को यहां मेजबान महाराष्ट्र को 31-7 से हराबर सीनियर महिला राष्ट्रीय रग्बी सेवंस खिताब जीता। सेमीफाइनल में ओडिशा ने पश्चिम बंगाल को 26-5 जबकि महाराष्ट्र ने केरल को 14-5 से शिकस्त दी। ओडिशा ने जूनियर फाइनल में भी मेजबान महाराष्ट्र को बेहद एकतरफा मुकाबले में 52-0 से हराकर जूनियर महिला राष्ट्रीय रग्बी सेवंस खिताब जीता। ओडिशा ने सेमीफाइनल में बिहार को 22-17 जबकि महाराष्ट्र ने पश्चमित बंगाल को 29-5 से हराया था। जूनियर और सीनियर पुरुष राष्ट्रीय प्रतियोगिता 14 से 18 जून तक होगी। एशियाई खेल सहित महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिता चयन ट्रायल होगी।

### ग्रीन के कैच पर हुआ सही फैसला



लंदन। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि शुभमन गिल का कैच लेते समय कैमरून ग्रीन के हाथ से गेंद एक समय जमीन को छू गई थी लेकिन उन्होंने इस दौरान तीसरे अंपायर को सही फैसला लेने का श्रेय दिया। गिल जब 18 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे तब स्कॉट बोलैंड की गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर गली में ग्रीन के बाईं ओर गई जिन्होंने जमीन से एक इंच ऊपर कैच लपका। ग्रीन इसके तुरंत बाद जश्न मनाने लगे। इस दौरान भारतीय सलामी बल्लेबाज क्रीज पर खड़ा रहा। तीसरे अंपायर रिचर्ड केटलबोरो ने इसके बाद गिल को आउट करार दिया।

## क्रिकेट : भारत ने आखिरी दिन 70 रन पर गंवाए सात विकेट

# फिर आईसीसी खिताब से चूकी टीम इंडिया आस्ट्रेलिया ने जीती वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

एजेंसी लंदन

विश्व क्रिकेट में अपने रूतबे के बावजूद भारतीय टीम के आईसीसी खिताब जीतने पर लगा ग्रहण अभी टलने का नाम नहीं ले रहा और अब आस्ट्रेलिया से 209 रन से हारकर रोहित शर्मा की टीम लगातार दूसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब से वंचित रह गई। जीत के लिए 444 रन के विश्व रिकॉर्ड लक्ष्य के जवाब में आखिरी दिन सभी की नजरें विराट कोहली और आईपीएल के 'वंडर ब्वॉय' रविंद्र जडेजा पर लगी थी लेकिन स्कॉट बोलैंड ने दोनों को एक ही ओवर में रवाना करके आस्ट्रेलिया की जीत दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ कर दी।

भारत ने आखिरी दिन पहले ही सत्र में सात विकेट 70 रन के भीतर गंवा दिए और दूसरी पारी में 234 रन पर सिमट गई। चयन के गलत फैसले हों या आईपीएल खेलने के परिणाम, बल्लेबाजों की नाकामी हो या गेंदबाजी आक्रमण की कमजोरी। सिक्के की उछाल के अलावा इस मैच में भारत के पक्ष में कुछ नहीं रहा। आईपीएल में रनों के अंबार लगाने वाले उसके बल्लेबाजों के बल्लों को मानों जंग लग गई और गेंदबाज दहशत पैदा नहीं कर सके। पिछली बार न्यूजीलैंड से हारने वाली भारतीय टीम इस बार आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी वही कहानी दोहरा गई।



### 10 साल से खिताब का इंतजार



भारत ने आखिरी आईसीसी खिताब 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में इंग्लैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। उसके बाद से टीम 2014 टी20 विश्व कप फाइनल, 2015 वनडे विश्व कप और 2016 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल, चैंपियंस ट्रॉफी 2017 फाइनल, वनडे विश्व कप 2019 सेमीफाइनल, 2021 टी20 विश्व कप में सुपर 12 चरण में, 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2021 फाइनल हार गई।

### भारतीय बल्लेबाज फेल

भारत को उसके दमदार बल्लेबाजी क्रम ने पूरी तरह निराश किया। रोहित, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा और कोहली बड़े मैच में चल नहीं सके। पांचवें दिन कोहली और रहाणे क्रीज पर उतरे तो दर्शकों को उम्मीद बंधी थी लेकिन बोलैंड ने सातवें ओवर में ही कोहली और जडेजा को रवाना करके आस्ट्रेलिया के पक्ष में पटकथा लिख डाली।

### मैच का रिपोर्ट कार्ड

आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 469 रन के जवाब में भारत ने 296 रन बनाए थे। आस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी आठ विकेट पर 270 रन पर घोषित करके भारत को 444 रन का लक्ष्य दिया था।

स्कोर बोर्ड

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित पगबाधा बो लियोन | 43 | 60 | 7 | 1 |
| शुभमन का ग्रीन बो बोलैंड | 18 | 19 | 2 | 0 |
| पुजारा का कैरी बो कमिंस | 27 | 47 | 5 | 0 |
| कोहली का स्मिथ बो बोलैंड | 49 | 78 | 7 | 0 |
| रहाणे का कैरी बो स्टार्क | 46 | 108 | 7 | 0 |
| जडेजा का कैरी बो बोलैंड | 00 | 02 | 0 | 0 |
| भरत का और बो लियोन | 23 | 41 | 2 | 0 |
| शार्दुल पगबाधा बो लियोन | 00 | 05 | 0 | 0 |
| उमेश का कैरी बो स्टार्क | 01 | 12 | 0 | 0 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 13 | 08 | 3 | 0 |
| सिराज का बोलैंड बो लियोन | 01 | 06 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 63.3 ओवर में 234/10

गेंदबाजी : कमिंस 13-1-55-1, बोलैंड 16-2-46-3, स्टार्क 14-1-77-2, ग्रीन 5-0-13-0, लियोन 15.3-2-41-4।

## अश्मिता, रवि ने जीता मालदीव अंतरराष्ट्रीय चैलेंज का खिताब




एजेंसी नई दिल्ली

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों अश्मिता चालिहा और रवि ने माले में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए मालदीव अंतरराष्ट्रीय चैलेंज में क्रमशः महिला और पुरुष एकल के खिताब जीते।

तीसरी वरीय अश्मिता ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को ऑल इंडियन महिला एकल फाइनल में हमवतन तस्नीम मीर को 19-21, 21-17, 21-11 से हराया।

असम की खिलाड़ी का यह तीसरा बीडब्ल्यूएफ अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिताब है। उन्होंने इससे पहले टाटा ओपन इंडिया इंटरनेशनल और दुबई इंटरनेशनल का भी खिताब जीता है।



### रवि ने वेन को हराया

पुरुष एकल में गैरवरीय रवि ने मलेशिया के सातवें वरीय सूंग जू वेन को सीधे गेम में 21-19, 21-18 से हराकर खिताब अपने नाम किया। अश्विनी भट और शिखा गौतम की शीर्ष वरीय भारतीय महिला युगल जोड़ी को हालांकि लक्षिका कनलाहा और फटाइमास मुएनवोंग की थाईलैंड की जोड़ी के खिलाफ 22-24,15-21 की हार से उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

## मैनचेस्टर सिटी की 'खिताबी हैट्रिक', जीता चैंपियंस लीग



एजेंसी इस्तांबुल

रोड्री के गोल की बदौलत मैनचेस्टर सिटी ने शनिवार रात को यहां इंटर मिलान को 1-0 से हराकर पहली बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। स्पेन के रोड्री ने इस्तांबुल के अतातुर्क ओलिमपियाट स्टेडियम में मैच का एकमात्र गोल 68वें मिनट में किया और मैनचेस्टर सिटी को पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल का शीर्ष खिताब दिलाया। टीम के मैनेजर पेप गुआर्डियोला ने टीम की खिताबी जीत के बाद कहा, 'यह किस्मत में लिखा था। यह हमारा है।' गुआर्डियोला की टीम के लिए यह अंतिम मोर्चा था। टीम ने मौजूदा सत्र में प्रीमियर लीग और एफए कप के खिताब जीतने के बाद खिताबी हैट्रिक पूरी की।

इस खिताबी जीत से गुआर्डियोला का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ कोच का दावा भी मजबूत हुआ है। यह उनका तीसरा चैंपियंस लीग खिताब और 30वां बड़ा खिताब है। गुआर्डियोला ने दूसरी बार सत्र में खिताबी हैट्रिक पूरी की है। इससे पहले 2009 में वह बार्सीलोना के साथ ऐसा कर चुके हैं। सिटी इस तरह इंग्लैंड का सिर्फ दूसरा क्लब बना जिसने एक ही सत्र में तीन बड़े खिताब जीते। मैनचेस्टर यूनाईटेड ने इससे पहले 2009 में यह कारनामा किया था।

### रियल मैड्रिड लीग की सबसे सफल टीम

रियल मैड्रिड लीग की सबसे सफल टीम है। उसने अब तक 14 बार खिताब अपने नाम किया है, जबकि 4 बार उपविजेता रही है। AC मिलान इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। उसने सात बार टाइटल जीता है। वहीं लिवरपूल और बायर्न म्यूनिख ने 6-6 बार खिताब अपने नाम किया है।


### गोल करने से चूके लुकालु

इंटर मिलान को हालांकि मुकाबले को अतिरिक्त समय में ले जाने का मौका मिला था लेकिन टीम इसका फायदा नहीं उठा सकी। स्थानापन्न खिलाड़ी रोमेलु लुकालु को तो 89वें मिनट में सिर्फ गोलकीपर एडरसन को छकाना था लेकिन चार मीटर की दूरी से वह हेडर सीधा गोलकीपर के हाथों में मार बैठे। इससे पहले रोड्री के गोल के तुरंत बाद इंटर मिलान के फेडेरिको डिमार्को का करीब से लगाया शॉट साइड बार से टकरा गया था।

## दिव्या और मैरी ने जीता स्वर्ण और रजत

अल्माटी। भारत की दिव्या देशमुख एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैंपियनशिप की महिला क्लासिकल स्पर्धा में रविवार को यहां चैंपियन बनीं, तो वहीं मैरी एन गोम्स उपविजेता रहीं। सत्रह साल की दिव्या ने कजाकिस्तान की जेनिया बालाबायेवा के साथ नौवें और अंतिम दौर के मुकाबले को ड्रा खेला और 7.5 अंकों के साथ शीर्ष पर रहीं। मैरी ने भी आखिरी दौर में ड्रा खेला और 6.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। भारतीय खिलाड़ी साक्षी चितलंगे 5.5 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहीं। अन्य भारतीयों में पीवी नंदीधा (पांच अंक) और आशना मखीजा (पांच अंक) क्रमशः 13वें और 14वें स्थान पर रहीं।

# जोकोविच ने जीता रिकार्ड 23वां ग्रैंडस्लैम



## सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाले एकमात्र पुरुष खिलाड़ी

एजेंसी पेरिस

नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन फाइनल में रविवार को कैस्पर रूड को हराकर रिकॉर्ड 23वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीत लिया। सर्बिया के 36 वर्ष के जोकोविच ने 7-6, 6-3, 7-5 से जीत दर्ज की। उन्होंने पुरुष टेनिस के इतिहास में सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम जीतने का रफेल नडाल का रिकॉर्ड तोड़ा। रोलां गैरो पर 14 बार के चैंपियन नडाल चोट के कारण इस बार नहीं खेल रहे थे। जोकोविच ने यहां 2016 और 2021 में खिताब जीता है। वह टेनिस के इतिहास में हर ग्रैंडस्लैम कम से कम तीन बार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने दस आस्ट्रेलियाई ओपन, सात विम्बलडन और तीन अमेरिकी ओपन जीते हैं।

- 10 आस्ट्रेलियन ओपन
- 07 विम्बलडन
- 03 अमेरिकी ओपन
- 03 फ्रेंच ओपन

### सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

जोकोविच फ्रेंच ओपन जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने हैं। उन्होंने 36 साल 20 दिन की उम्र में यह कारनामा किया है। जोकोविच ने राफेल नडाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा है। राफेल ने पिछले साल 36 साल 2 दिन की उम्र में यह खिताब जीता था।

# पीसीबी के 'हाइब्रिड मॉडल' को स्वीकृति देने की बनी संभावना

एजेंसी नई दिल्ली



एशियाई क्रिकेट परिषद के भारत की गैरमौजूदगी वाले चार एशिया कप मुकाबलों का आयोजन पाकिस्तान जबकि बाकी मुकाबलों का आयोजन श्रीलंका के गॉल और पाल्लेकल में कराने के पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के 'हाइब्रिड मॉडल' को स्वीकृति देने की संभावना है।

एसीसी के इस संबंध में मंगलवार को औपचारिक घोषणा करने की उम्मीद है। हाइब्रिड मॉडल के आधिकारिक रूप से स्वीकृत होने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए आने का रास्ता भी साफ हो जाएगा। एसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने बताया, 'ओमान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख पंकज खीमजी, एसीसी कार्यकारी बोर्ड के सदस्य, को हल निकालने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी क्योंकि अधिकांश देश हाइब्रिड मॉडल नहीं चाहते थे। लेकिन अभी की स्थिति के अनुसार भारत की गैरमौजूदगी वाले चार मैच पाकिस्तान बनाम नेपाल, बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान, अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका और श्रीलंका बनाम बांग्लादेश लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच दो मुकाबले और सुपर चार के बाकी सभी मैच पाल्लेकल या गॉल में होंगे।'

## देश के इन हिल स्टेशनों की साफ-सफाई देख हो जाएंगे हैरान, यहां बिताएं वीकेंड

गर्मियों में कई सारे लोग घूमने फिरने का प्लान बनाते हैं। भीषण गर्मी से बचने के लिए अक्सर हम किसी ठंडी जगह की तलाश कर ते हैं। किसी भी स्थान पर जाने से पहले हम सबकी यही विश होती है कि नेचर फ्रेंडली जगह होनी चाहिए, माउंटेन के सामने एक अच्छा सा होटल मिल जाए, कम भीड़-भाड़ होने के साथ ही साफ-सुथरी जगह हो। लेकिन हर डेस्टिनेशन में यह सारी चीजें मिलना थोड़ा मुश्किल होता है। लेकिन अगर हम आपसे कहें कि ऐसा संभव है। देश के कुछ ऐसे हिल स्टेशन हैं, जहां पर कम भीड़ के साथ ही आपको बेहद साफ-सुथरी जगहें देखने को मिलेंगी। यह पर आप अपने वीकेंड को काफी मजेदार बना सकते हैं। अरुणाचल प्रदेश का तवांग हील स्टेशन 3048 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। बता दें कि यह एक ऑफबीट प्लेस है। यहां पर आपको कई सुंदर मठ मिलेंगे। जहां पर आप सुकून पाने के लिए कुछ देर जा सकते हैं। यहां पर तवांग छठे दलाई लामा, त्सांगयांग ग्यात्सो का जन्म हुआ था। इस पहाड़ी जगह को 'दावांग' के नाम से भी जानते हैं। यह हिल स्टेशन प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिकता को अपने आप में समेटे हुए है। यहां पर आपको गजब की साफ-सफाई देखने को मिलेगी। पश्चिमी घाट का दूसरा सबसे बड़ा हिल स्टेशन कुन्नूर 1930 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। नैनीताल से यहां की दूरी 19 किमी दूर है। यहां से आपके अपने चारों ओर सिर्फ हरियाली दिखाई देगी। नेचर के अलावा यहां पर आप चाय के बागान देख सकते हैं। इस जगह पर पूरे साल मौसम खुशनुमा बना रहता है। कुन्नूर से यूकेलिप्टस पर्वत और कैथरीन वाटरफॉल तक यहां पर आपको कई हसीन नजारे देखने को मिलेंगे। हरी-भरी वनस्पतियों, पहाड़ों, संस्कृति और सुंदर स्वच्छ परिवेश के चलते यह जगह स्वर्ग लगती है।

## खबर संक्षेप

### अब स्पाइसजेट के दिवालिया होने की नौबत



नई दिल्ली। सस्ती एयर टिकट देने वाली एक और एयरलाइंस स्पाइसजेट के दिवालिया होने की नौबत आ गई है। कंपनी के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया शुरू करने की एक याचिका नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में दाखिल की गई है। एनसीएलटी की केस लिस्ट के हिसाब से इस याचिका पर सोमवार 12 जून को सुनवाई होनी है।

### भारत में नई नौकरियां लाएगा चैट जीपीटी



नई दिल्ली। चैट जीपीटी जब से आया है, तब से इसको लेकर कोई इसे फ्यूचर बता रहा है तो कोई फ्यूचर खराब करने वाला। अब चैट जीपीटी भारत के लिए बड़ी सौगात लेकर आने वाला है। देश के चीफ फाइनेंशियल एडवाइजर नागेश्वरन के अनुसार चैट जीपीटी देश में नौकरियों के नए अवसर पैदा करने वाला है।

### पंजाब की मान सरकार ने एक रुपया वैट बढ़ाया



चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर एक रुपये वैट बढ़ा दिया है। शनिवार रात 12 बजे से बढ़ी हुई कीमतें लागू हो गई हैं। अब पंजाब में पेट्रोल की कीमत 98.65 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 88.95 रुपए प्रति लीटर होगी। शुक्रवार को मानसा में हुई कैबिनेट मीटिंग में इस फैसले को मंजूरी दी गई। इस बारे में सरकार ने कोई जानकारी नहीं दी है।

### लापरवाही पर वाराणसी में 7 पुलिसकर्मी बर्खास्त



वाराणसी। गुजरात की एक फर्म के कार्यालय में 1.40 करोड़ रुपए की डकैती मामले में दोष उजागर होने के बाद तत्कालीन थाना प्रभारी भेलूपुर रमाकांत दुबे, दरोगा सुशील कुमार, महेश कुमार व उत्कर्ष चतुर्वेदी सहित 7 पुलिस कर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। सभी ने नौकरी के साथ ऐसा मजाक किया कि निकट भविष्य में उसकी भरपाई संभव नहीं दिखाई देती है।

### गैंगस्टर बिश्नोई की हिरासत 14 तक बढ़ी



नई दिल्ली। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की पुलिस हिरासत 14 जून तक बढ़ा दी गई है.। लॉरेंस बिश्नोई को रविवार को साकेत कोर्ट में पेश किया गया था जिसके बाद कोर्ट ने उसकी पुलिस हिरासत 14 जून तक बढ़ा दी। दरअसल दिल्ली पुलिस ने कोर्ट से लॉरेंस बिश्नोई की 4 दिन की पुलिस हिरासत बढ़ाने की मांग की थी। कोर्ट ने पुलिस की मांग को मानते हुए हिरासत बढ़ा दी।

### कर्नाटक की सरकारी बसों में महिलाओं का फ्री सफर



नई दिल्ली। कर्नाटक में शक्ति योजना के जरिए सरकार बसों में अब महिलाएं फ्री सफर कर पाएंगे। उन्हें 20 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए किराए के रूप में कोई चार्ज नहीं देना होगा। कर्नाटक सरकार ने इस योजना की लॉन्चिंग एक ग्रैंड इवेंट के जरिए की। रविवार को इस योजना की शुरुआत सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने अपने हाथों से महिलाओं को टिकट सौंपकर की। शक्ति योजना के लॉन्चिंग इवेंट में जुटने वाली भीड़ को देखते हुए बेंगलुरू में जाम की स्थिति से निपटने के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई।

## कैंसर अब लाइलाज बीमारी नहीं, हदासाह-यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर ने खोजा इलाज


# इजरायल का कैंसर के अचूक इलाज करने का दावा अस्पताल में भर्ती मरीजों में 90 फीसदी हुए 'ठीक'

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

अच्छी खबर

इजरायल ने कैंसर के इलाज में बड़ी सफलता हासिल की है। यहां की हदासाह यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में जो यरूशलम में हैं, उसने नया सफल इलाज तलाशने का दावा किया है। यरूशलम के ऐन करेम ने ऐलान किया है कि मल्टीपल मायलोमा कैंसर के इलाज में एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल कर ली गई है। यह दूसरी सबसे आम हेमेटोलॉजिकल बीमारी जो ब्लड कैंसर का 10वां हिस्सा है। जबकि हर तरह के कैंसर में यह एक फीसदी होती है। इस नए तरह के उपचार को कई प्रयोग के बाद विकसित किया गया है। कैंसर को आज भी दुनिया में एक लाइलाज बीमारी करार दिया जाता है। डॉक्टरों ने एआर-टी, या चिमेरिक एंटीजन रिसेप्टर टी-सेल थेरेपी नामक जेनेटिक इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया है। यह कैंसर को नष्ट करने के लिए रोगी के इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। हदासाह में इलाज किए गए 74 रोगियों में से 90 फीसदी से ज्यादा पूरी तरह से ठीक हो गए। स्टेपेंस्की ने कहा हमारे पास किसी भी समय इजरायल और दुनिया के विभिन्न हिस्सों से 200 से अधिक रोगियों की वेटिंग लिस्ट है। उत्पादन की जटिलता से हफ्ते में सिर्फ एक रोगी ही ट्रीटमेंट हासिल कर पाता है।

◆ डॉक्टरों ने एआर-टी, या चिमेरिक एंटीजन रिसेप्टर टी-सेल थेरेपी नामक जेनेटिक इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया



### अब मिलेंगे जीने के लिए और साल

*यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में विभाग की प्रमुख पोलीना स्टेपेंस्की ने कहा कि सीएआर-टी ट्रीटमेंट के प्रभावशाली नतीजे देखकर ऐसा लगता है कि कैंसर के मरीजों के पास जीने के लिए कई और साल हैं। अब वह एक सर्वश्रेष्ठ जिंदगी जी सकते हैं। इस नए ट्रीटमेंट के प्रयोगों को अस्पताल के बोन-मैरो ट्रांसप्लांट और इम्यूनोथेरेपी विभाग की तरफ से अंजाम दिया गया है। यह नया ट्रीटमेंट जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीक पर आधारित है। यह वह तकनीक है जो कैंसर के उन रोगियों के लिए एक प्रभावी और महत्वपूर्ण समाधान है, जिनकी आयु कुछ साल पहले तक सिर्फ दो साल ही थी। मल्टीपल मायलोमा, बोनमैरो का एक प्रकार का कैंसर है। यह कैंसर अक्सर खोपड़ी, पेल्विस, पसलियों और रीढ़ सहित शरीर के कई हिस्सों को प्रभावित करता है।*

## वेल्लूर, तमिलनाडु की चुनावी सभा में बोले गृहमंत्री शाह

# कांग्रेस-द्रमुक 2जी, 3जी, 4जी पार्टियां, धरतीपुत्र को मिले सत्ता

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वंशवाद की राजनीति और कथित भ्रष्टाचार को लेकर रविवार को कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को "2जी, 3जी, 4जी" पार्टियां करार देते हुए कहा कि तमिलनाडु में इन्हें उखाड़ फेंकने तथा "धरती पुत्र" को सत्ता देने का समय आ गया है।*

एजेंसी ▶▶ वेल्लूर (तमिलनाडु)



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के नौ साल की उपलब्धियों को रेखांकित करने के लिए यहां आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का विरोध करने के लिए दोनों दलों पर निशाना साधा और भारत के साथ कश्मीर को एकीकृत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, "कांग्रेस और द्रमुक 2जी, 3जी, 4जी पार्टियां हैं। मैं 2जी (स्पेक्ट्रम आवंटन घोटाले) की बात नहीं कर रहा हूं। 2जी का मतलब दो पीढ़ी, 3जी का मतलब तीन पीढ़ी और 4जी का मतलब चार पीढ़ी हैं।"

शाह ने दोनों दलों पर निशाना साधते हुए कहा, "मारन परिवार (द्रमुक का) दो पीढ़ियों से भ्रष्टाचार कर रहा है। करुणानिधि परिवार तीन पीढ़ियों से भ्रष्टाचार कर रहा है। गांधी परिवार 4जी है। राहुल गांधी चौथी पीढ़ी हैं और चार पीढ़ियों से वे सत्ता का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि "2जी, 3जी, 4जी को बाहर कर दिया जाए और तमिलनाडु की सत्ता धरती पुत्र को दी जाए।" शाह ने उपस्थित लोगों से पूछा कि अनुच्छेद 370 को हटाया जाना चाहिए था या नहीं, और "कश्मीर हमारा है या नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और द्रमुक, दोनों ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद को रद्द करने का विरोध किया था।

### तमिल प्रधानमंत्री बनाए जाने की पैरवी

चेन्नई। शाह ने भविष्य में एक तमिल को प्रधानमंत्री बनाये जाने की रविवार को पैरवी की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ने यहां अपने दौरे के दौरान प्रदेश पार्टी पदाधिकारियों के साथ बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। पार्टी सूत्रों के अनुसार शाह ने कहा कि ऐसा अवसर पूर्व में दो बार गंवाया जा चुका है। सूत्रों ने कहा कि शाह ने कथित तौर पर इसके लिए सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) को दोषी ठहराया। शाह ने भाजपा पदाधिकारियों से 2024 के लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु से 20 से अधिक सीटें जीतने की दिशा में काम करने और इस उद्देश्य के लिए बूथ समितियों को मजबूत करने का भी आह्वान किया।

### 20 सांसद चुनकर पीएम मोदी से कहें धन्यवाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने हाल ही में देश की नई संसद भवन का लोकार्पण किया है, जिसमें तमिलनाडु के चोल साम्राज्य के सेंगोल को स्थापित किया गया। 2024 के लोकसभा चुनाव में 300 से ज्यादा सीटों के साथ फिर मोदी सरकार बनेगी। मैं आपसे विनती करता हूं कि संसद में सेंगोल स्थापित करने के लिए एनडीए के 20 साथी मोदीजी को धन्यवाद कहने के लिए संसद में भेज दीजिए।

## दो महिला पहलवानों को दिल्ली पुलिस का नोटिस

# यौन उत्पीड़न के फोटो, ऑडियो और वीडियो सबूत करें जमा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली दो टॉप महिला पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने नोटिस भेजा है और उनसे यौन उत्पीड़न के सबूत मांगे हैं। दिल्ली पुलिस ने अपनी नोटिस में महिला पहलवानों से यौन उत्पीड़न (ब्रेस्ट छूने या पेट पर हाथ सहलाने के आरोपों) के सबूत के तौर पर फोटो, ऑडियो या वीडियो जमा कराने के कहा है। महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह पर छाती छूने, पेट पर हाथ फेरने और जबरन जोर से गले लगाने के आरोप प्राथमिकी में लगाए हैं। महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, कथित रूप से यौन उत्पीड़न की ये घटनाएं 2016 से 2019 के बीच 21, अशोक रोड स्थित डब्लूएफआई दफ्तर में हुईं जो बृजभूषण शरण सिंह का सरकारी आवास भी है और विदेश में टूर्नामेंट के दौरान भी हुईं।

### धारा 91 के तहत नोटिस जारी

एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि 5 जून को महिला पहलवानों को सीआरपीसी की धारा 91 के तहत अलग से नोटिस जारी किया गया और उन्हें जवाब देने के लिए एक दिन का ही समय दिया गया था। एक पहलवान ने भी इसकी पुष्टि करते हुए कहा, "हमारे पास जो भी सबूत थे, हमने उसे पुलिस को सौंप दिया है।

### मोदी 1971 में प्रधानमंत्री रहे होते तो पाक और चीन से भूमि मुक्त करा लेते



गोंडा (उप्र)। कैसरगंज से भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह ने रविवार को कहा कि यदि 1971 में नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री रहे होते तो पाकिस्तान द्वारा 1947 में और चीन द्वारा 1962 में हड़पी गई भूमि मुक्त करा ली गई होती। सिंह केंद्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के मौके पर यहां बालपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। हालांकि उन्होंने अपने खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर कोई बात नहीं की। उन्होंने कहा, "1947 में जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब इस देश का बंटवारा हुआ जिसका घाव अभी तक भरा नहीं है।" 1971 में एक अप्रत्याशित घटना में 92,000 पाकिस्तानी सैनिकों को भारतीय सेना द्वारा बंधक बना लिया गया, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पुराना हिसाब निपटाए बगैर उन्हें छोड़ दिया। यदि मोदी जैसा प्रधानमंत्री होता तो कब्जा की गई जमीन मुक्त करा ली गई होती।"

# जब भी कोई संकट आता है, हमारे लोग देश पर कर सकते हैं भरोसा

जी-20 सम्मेलन में भारत की विदेश नीति पर बोले मंत्री जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, भारत के राहत प्रयासों के बारे में बात करते हुए विदेश मंत्री ने कहा, आपको याद होगा कि यूक्रेन में फंसे भारतीयों को वापस लाया गया था। सूडान में निवासियों को भी ऑपरेशन कावेरी के जरिए वापस लाया गया था। 90 उड़ानों से यूक्रेन से देशवासियों को लाया गया था। जब भी कोई संकट आता है, हम अपने देश पर भरोसा कर सकते हैं। यह बात विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को वाराणसी के गांधी अध्ययन पीठ सभा में 'भारतीय विदेश नीतिः उद्देश्य और विशेषताएं' विषय पर आयोजित एक संगोष्ठी के दौरान कही।

### दलित बूथ अध्यक्ष के घर पर किया नाश्ता

विदेश मंत्री ने कहा कि वह 45 साल से विदेश नीति में काम कर रहे हैं। हाल ही में हमने प्रधानमंत्री मोदी का इतना भव्य स्वागत देखा, ऐसा कभी नहीं देखा था। जयशंकर ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में दलित बूथ अध्यक्ष सुजाता धुसिया के आवास पर नाश्ता किया। सुजाता के आवास पर जाने के बाद विदेश मंत्री ने कहा, नाश्ता स्वादिष्ट था। से हम वाराणसी में जी-20 कार्यक्रम चला रहे हैं।

### वंशवाद की राजनीति पर है मुझे गर्वः सुप्रिया सुले

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीबी) की कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद सुप्रिया सुले का पहला बयान सामने आया है। सुले ने कहा कि उन्हें शरद और प्रतिभा पवार की बेटी होने पर गर्व है और वह भाई-भतीजावाद या वंशवाद की राजनीति से कभी नहीं भागेंगी। शरद पवार द्वारा एनसीपी की कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के एक दिन बाद सुप्रिया ने कहा कि मैं भाई-भतीजावाद से दूर नहीं जा सकती क्योंकि मैं एक राजनीतिक परिवार में पैदा हुई हूं। मुझे प्रतिभा और शरद पवार की बेटी होने पर बहुत गर्व है। मैं इससे क्यों भागूं?

### मुंबई में तेज रफ्तार ने ली 2 की जान

मुंबई। महाराष्ट्र के मुंबई के दादर में तेज रफ्तार कार की वजह से भीषण हादसा हुआ है। कार के पेड़ से टकराने की वजह से 2 लोगों की मौत हो गई है और 3 लोग घायल हो गए हैं। हादसा उस वक्त हुआ, जब सभी दोस्त एक पार्टी करके घर लौट रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए।

# चौहान ने स्वदेशी गोला बारूद का किया निरीक्षण

एजेंसी ▶▶ नागपुर



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को नागपुर में इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) का दौरा किया इस दौरान उन्होंने स्वदेशी रूप से विकसित युद्ध सामग्री के बारे में जानकारी ली। ईईएल 'सोलर ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज' की सहायक कंपनी है, जिसके अध्यक्ष सत्यनारायण नुवाल ने सीडीएस को औद्योगिक और सैन्य विस्फोटकों के साथ-साथ अन्य उच्च ऊर्जा सामग्री के विकास, निर्माण और आपूर्ति में समूह के योगदान से अवगत कराया। सोलर इंडस्ट्रीज ने कहा कि 2010 में रक्षा प्रणालियों के निर्माण के क्षेत्र में आने के बाद से आधुनिक हथगोले, विमान से इस्तेमाल गिराए जाने वाले बम और अन्य युद्ध सामग्री की एक विस्तृत श्रृंखला के विकास, निर्माण और परीक्षण के लिए ईईएल में अत्याधुनिक सुविधाएं स्थापित की गई हैं।

# भारत से जुड़ी गैस पाइपलाइन पर नियंत्रण चाहता हक्कानी गुट

## यूएन ने किया तालिबान की चाल का खुलासा

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क




संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगानिस्तान के तालिबान द्वारा नियुक्त आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी कई आर्थिक परियोजनाओं को अपने नियंत्रण में लेने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्य रूप से वह तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत (तापी) गैस पाइपलाइन के अफगान खंड के निर्माण पर नियंत्रण करने की मांग कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1988 की तालिबान प्रतिबंध समिति की विश्लेषणात्मक सहायता और प्रतिबंध निगरानी टीम की चौदहवीं रिपोर्ट में कहा गया है कि वास्तविक राज्य तंत्र और प्रांतीय प्रशासन में पदों के वितरण को लेकर तालिबान अधिकारियों के बीच कलह चल रही है।

### गैस पाइपलाइन अफगानिस्तान, पाकिस्तान से भारत आती है

बता दें, 1,814 किमी लंबी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन तुर्कमेनिस्तान से निकलती है और भारत पहुंचने के लिए अफगानिस्तान और पाकिस्तान से होकर गुजरती है। तुर्कमेनिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत ने पाइपलाइन के विकास के लिए दिसंबर 2010 में एक अंतर सरकारी समझौते (आईजीए) और गैस पाइपलाइन फ्रेमवर्क समझौते (जीपीएफए) पर हस्ताक्षर किए थे। निर्माण कार्य 2015 में शुरू हुआ, लेकिन अफगानिस्तान में अस्थिरता के कारण बहुत कम प्रगति हुई।

### सारी लड़ाई सरकार में दो पदों के लिए

रिपोर्ट में कहा गया है कि बरादर दक्षिणी प्रांतीय प्रशासन का समर्थन करता है। वह लगातार तालिबान के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने, विदेशों में अफगान संपत्ति को मुक्त करने और विदेशी सहायता का विस्तार करने की प्रक्रिया को नियंत्रित करने की मांग कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र की माने तो सारी लड़ाई सरकार में पदों के लिए है, जिससे वित्तीय, प्राकृतिक संसाधनों के साथ ही चैनल पर भी नियंत्रण किया जा सके। रिपोर्ट के अनुसार, सिराजुद्दीन हक्कानी कथित तौर पर तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत गैस पाइपलाइन के अफगान खंड पर नियंत्रण करने की कोशिश कर रहा है।

## सैनिक ऊनी यूनिफोर्म और भालू के खाल से बनी टोपी पहनकर प्रैक्टिस कर रहे थे

# तीन सैनिक बेहोश होकर गिरे, फिर भी रिहर्सल करते रहे दूसरे सैनिक

एजेंसी ▶▶ लंदन

किंग चार्ल्स के जन्मदिन पर निकलने वाली परेड की तैयारी कर रहे रोयल गाड्र्स के 3 सैनिक बेहोश गए। ये 88 डिग्री फैरेनहाइट के तापमान में परेड की रिहर्सल में जुटे थे। रिपोर्ट के मुताबिक इस दौरान किंग चार्ल्स के सबसे बड़े बेटे प्रिंस विलियम भी वहां मौजूद थे। वो तैयारियों का जायजा ले रहे थे। घटना के बाद उन्होंने सैनिकों के जज्बे की तारीफ की और उन्हें धन्यवाद दिया। दरअसल लंदन में तेज गर्मी पड़ रही है। इस बीच सैनिक ऊनी यूनिफोर्म और भालू के खाल से बनी टोपी पहनकर प्रैक्टिस कर रहे थे।


1


2


3

- 88 डिग्री फैरेनहाइट के तापमान में परेड की रिहर्सल में जुटे थे
- प्रिंस विलियम ने की सैनिकों के जज्बे की तारीफ, धन्यवाद दिया

### 17 जून को किंग चार्ल्स का जन्मदिन

17 जून को किंग चार्ल्स का जन्मदिन होता है। इस बार किंग के जन्मदिन पर परेड आयोजित करने की जिम्मेदारी वेल्स के गार्ड्स को दी गई है। इस बार परेड में ग्रेनेडियर, कोल्डस्ट्रीम, स्कॉट्स, आयरिश और वेल्श गार्ड्स की रेजीमेंट्स भी शामिल होंगे।

### 'ट्रूपिंग द कलर' वार्षिक परेड है

परेड की तैयारी के दौरान बेहोश हुए सैनिक का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें दिख रहा है कि सैनिक ग्राउंड में ट्रम्पेट बजा रहे हैं, तभी सैनिक बेहोश हो जाता है। इसके बावजूद दूसरे सैनिक रुकते नहीं है और अपना अभ्यास जारी रखते हैं। जिस परेड की तैयारी करते हुए सैनिक बेहोश हुए वो एक वार्षिक परेड है। इसे 'ट्रूपिंग द कलर' कहा जाता है। जो हर साल जून में आयोजित है। इस बार परेड में ग्रेनेडियर, कोल्डस्ट्रीम, स्कॉट्स, आयरिश और वेल्श गार्ड्स की रेजीमेंट्स भी शामिल होंगी। इसके लिए 1400 सैनिक अभ्यास कर रहे थे। ट्रूपिंग द कलर परेड 17 जून को होगी। इसकी तैयारी के लिए ब्रिटेन में कर्नल रिव्यू परेड हुई थी।

## दौसा में सचिन पायलट का सीएम गहलोत पर तंज

# यहां लोग कहते हैं मानसिक दिवालियापन हो जाएगा

एजेंसी ▶▶ जयपुर



राजस्थान में कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने रविवार को अपने पिता राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर दौसा के भंडाना में श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम लिए बिना कई हमले बोले। पायलट ने कहा, अगर हम गरीबों की मदद करें तो केंद्र के नेता कहते हैं कि खजाने का दिवाला निकल जाएगा और यहां लोग कहते हैं कि नौजवानों की मदद की तो मानसिक दिवालियापन हो जाएगा। अगर हमने कोई मांग उठाई है तो वो लोगों के लिए है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा था कि विपक्ष कहता है कि पेपर पीड़ितों को मुआवजा दो। बताओ यह कैसा मानसिक दिवालियापन है। सचिन पायलट ने वसुंधरा राजे पर भी हमला बोला। और कहा, वो मुझसे बड़ी हैं, लेकिन मैंने कभी अपनी भाषा की मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया।

# रजिस्ट्री आफिस कचहरी परिसर से बाहर ले जाना अधिवक्ता समाज के साथ वादाखिलाफी : गोपाल यादव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी के गठन की घोषणा के पश्चात आज पार्टी कार्यालय समता भवन पहुंचे नवमनोनीत जिला उपाध्यक्ष आमिर अली और रविन्द्र प्रताप यादव, जिला महासचिव कन्हैया लाल विश्वकर्मा, जिला सचिव एवं मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव और सदर विधानसभा के अध्यक्ष तहसीन अहमद और महिला सभा की जिलाध्यक्ष विभा पाल का जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने माल्यार्पण कर और उन्हें मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने इन मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि इनके मनोनयन से पार्टी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि संगठन में सभी जाति और धर्म के लोगो को जोड़ने का प्रयास किया गया और खासकर संगठन में उन लोगो को तवज्जो दी गई है जो पार्टी के प्रति समर्पित और दल के कर्मठ सिपाही रहे हैं। उन्होंने कहा कि पद शोभा की चीज नहीं है बल्कि यह जिम्मेदारी का एहसास कराती है। उन्होंने कहा कि आज जब देश गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है,देश की जनता मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, लचर कानून व्यवस्था, कमजोर अर्थव्यवस्था के चलते त्रस्त और पस्त है। लेकिन भाजपा सरकार संवेदनहीन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की पुलिस का रवैया बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि पुलिस रक्षक के बजाय भक्षक की भूमिका में हैं। प्रदेश की पुलिस आपराधिक मामलों में तो उसकी भूमिका संदिग्ध है ही बल्कि वह खुद डकैती भी कर रही है। उन्होंने गाजीपुर के रजिस्ट्री आफिस (उपनिबंधक कार्यालय)को दीवानी परिसर से बाहर ले जाने पर जिला प्रशासन की कार्यवाही की कठोर निंदा किया। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह से संवेदनहीन हो गया है। पिछले दिनों हड़ताल पर गये अधिवक्ताओं से जिला प्रशासन ने यह वादा किया था कि हर हाल में रजिस्ट्री दफ्तर कचहरी परिसर में ही रहेगा । उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री दफ्तर कचहरी परिसर से बाहर जाने से जमीन खरीदने और बेचने वालों के साथ साथ अधिवक्ता, डीड राइटर और स्टाम्प विक्रेता सभी परेशान हो जायेंगे और रजिस्ट्री दफ्तर के बाहर जाने की वजह से दफ्तर के इर्द-गिर्द रहने वाले दुकानदारों की भी रोजी-रोटी प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि कचहरी परिसर में रजिस्ट्री दफ्तर रहने से अधिवक्ता कचहरी के काम के साथ साथ रजिस्ट्री दफ्तर से जुड़े काम को भी देख लेता था। लेकिन जिला प्रशासन ने रजिस्ट्री दफ्तर को कचहरी परिसर से बाहर ले जाकर अधिवक्ताओं के साथ वादाखिलाफी की है और उनके भरोसे को तोड़ा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से जिला प्रशासन छुट्टी के दिन चोरी चोरी रजिस्ट्री दफ्तर भूतहियां टांड़ स्थित किसी के निजी निवास स्थान में उसको लाभ पहुंचाने की गर्ज से ले गयी है वह बेहद निंदनीय है। इस मामले में जिला प्रशासन की नीति और नीयत ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री दफ्तर बाहर ले जाने का सवाल लोग के जान-माल और सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। जिला प्रशासन को रजिस्ट्री दफ्तर को कचहरी परिसर में तमाम स्थान उपलब्ध होने के बावजूद उसे इसे कचहरी परिसर से बाहर ले जाने की क्या जरूरत पड़ी और किस दबाव में जिला प्रशासन को यह फैसला लेना पड़ा? यह जिले की जनता जानना चाहती है? इस मसले पर समाजवादी पार्टी पूरी तरह से अधिवक्ताओं,डीड राइटर और स्टाम्प विक्रेताओं और पीड़ित जनता के साथ खड़ी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से राम औतार विश्वकर्मा, विजय शंकर यादव, चन्द्रिका यादव, राममूरत यादव, विन्ध्याचल यादव, पप्पू यादव, राकेश यादव , द्वारिका यादव, डॉ अजय कुमार भारती, अनवर, रामनगीना यादव, आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन लोहिया वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह यादव ने किया।



## शादी समारोह में युवक पर लकड़ी वाले स्टेपलर से हमला, सीने की हड्डी में फंसी पिन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रविवार की रात सैदपुर के थाना खानपुर क्षेत्र अंतर्गत मठिया भदैला निवासी प्रभु नाथ यादव के घर लड़की की शादी थी। जिसमे बच्चों को झगड़े को लेकर कुछ युवकों में मारपीट हो गई। जिसमें एक युवक ने दूसरे युवक के सीने पर लकड़ी पर पिन मारने वाले स्टेपलर मशीन से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन घायल युवक को लेकर सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार कर उसे बीएचयू के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार खानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मठिया भदैला में एक शादी समारोह के दौरान बच्चों के झगड़े को लेकर शादी में मौजूद गांव के ही युवक आशीष यादव और और अंकित यादव के बीच झगड़ा हो गया। आरोप है कि झगड़े में अंकित ने लकड़ी की टेबल पर रखी प्लास्टिक शीट पिन करने वाली स्टेपलर मशीन से किशन के सीने पर वार कर दिया जिससे आशीष के सीने में गहराई तक पिन धस गई और वह खून से लथपथ हो गया। आनन फानन में घायल आशीष को लेकर बड़ा भाई आलोक सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। जहां प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने गंभीर अवस्था में उच्च चिकित्सा सेंटर बीएचयू के लिए रेफर कर दिया, जहां रात में ही आशीष का 2 घंटे तक ऑपरेशन कर उसके सीने की हड्डी में फंसी पिन को निकाला गया। घटना से आक्रोशित आशीष के परिजनों ने अंकित आदि के खिलाफ खानपुर थाने में तहरीर दी है।



## पेट्रोल से भरा टैंकर गड्ढे में जा धंसा, रेस्क्यू टीम ने टैंकर को बाहर निकाला

प्रखर जौनपुर। कोतवाली थाना अंतर्गत नगर के बेहद व्यस्ततम क्षेत्र ओलन्दगंज स्थित एक होटल निकट पेट्रोल से भरा टैंकर देर रात गुजर रहा था। जो नगर के किसी पेट्रोल फिलिंग स्टेशन पर पेट्रोल लेकर जा रहा था कि जो सड़क धसने के कारण गड्ढे में जा धसी। पेट्रोल से भरा टैंकर नगर के अति व्यस्ततम क्षेत्र में गड्ढे में फंसने की सूचना पर जिला प्रशासन हुई सतर्क, आनन फानन में कोतवाली थाना प्रभारी समेत भारी पुलिस फोर्स उक्त स्थान पर पहुँच गई। नगर के अति व्यस्ततम क्षेत्र में पेट्रोल से भरी ट्रैंकर के गड्ढे में धंसने की सूचना पर आनन फानन में मौके से पहुँची कोतवाली थाना पुलिस द्वारा तीन बड़ी क्रेन व रेस्क्यू टीम को बुलाकर बेहद मशक्कत के बाद देर रात लगभग 12:15 पर गड्ढे में धंसे टैंकर को बाहर निकलवाने में सफल हुए। आपको बताते चलें कि पेट्रोल से भरा टैंकर फंसने की सूचना पर जिला प्रशासन ने बड़ी ही सूझबूझ के साथ उस क्षेत्र की विद्युत सेवा को सबसे पहले बंद कराते हुए उस रास्ते का आवागमन भी बंद करा दिया। जिसके बाद गड्ढे में धंसे टैंकर को निकालने के लिए घंटों क्रेन व रेस्क्यू टीम की मदद से पेट्रोल टैकर को बाहर निकलने में सफलता मिली। इस रेस्क्यू आपरेशन में राजस्व विभाग के साथ थाना कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह की सभी टीमें मुस्दैती से लगी रही।



## पूर्णकालिक सचिव ने वृद्धावस्था में वृद्धजनों का जाना हाल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वाधान में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गाजीपुर के आदेशानुसार आज सोमवार को वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण अधिनियम 2007 के तहत विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृद्धजन आवास, वृद्धाश्रम, लंगड़पुर, छावनी लाईन, गाजीपुर में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है।

इस अवसर पर सचिव पूर्णकालिक दीपेन्द्र कुमार गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर ने वृद्धजन आवास, वृद्धाश्रम की पूर्णतयाः जानकारी ली तथा परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छ पानी व मीनू के अनुसार भोजन एवं कपडे. तथा समुचित प्रबंध हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए दिशा-निर्देश दिया गया। प्रबंधक द्वारा चौबीस घण्टे आश्रम में ही रहकर वृद्धजन आवास, वृद्धाश्रम का सेवा दे रही है तथा उनके द्वारा यह भी बताया गया कि वृद्धाश्रम को संचालित करने के लिए कर्मचारीगण कार्यरत है। वृद्धजन आवास, वृद्धाश्रम में पुरूष और महिला दोनों रहते है। वृद्धाश्रम को देख-रेख के लिए विडियों कैमरा एवं विश्राम के लिए पंखा, कुर्सी, टेबल, चौकी आदि की उचित व्यवस्था पाई गयी। वृद्धजन आवास, वृद्धाश्रम का मीनू विवरण के अनुसार उनको सप्ताहिक सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन, शाम का नाश्ता व रात्रि का भोजन के बारे बताया गया तथा मौसमी सब्जी, फल भी दिया जाता है।

वृद्धजन आवास, वृद्धाश्रम में उनके लिए शामं को भजन संगीत, टेलीविजन की भी व्यवस्था है। प्रबंधक द्वारा बताया गया कि वे गांव-गांव के ग्राम प्रधान, सरपंच से जनसर्म्पक भी करती है कि अगर कोई वृद्ध बेसहारा हो, कोई देख-रेख न करने वाला हो तो वे सूचित कर इस नेक व पुण्य कार्य के भागीदर बन सकते है।



## पेंशन बहाली संयुक्त मंच ने बनाई रणनीति,महिला प्रकोष्ठ का हुआ गठन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद एवं पेशन बहाली संयुक्त मंच के कार्यकारिणी की एक महत्पूर्ण बैठक खजुरिया तिराहा स्थित परिषद के कैम्प कार्यालय पर परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष एव संरक्षक अम्बिका दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमे 27 जून को पुरानी पेंशन बहाली हेतु गठित संयुक्त मंच द्वारा लखनऊ में हुकार महारैली की सफलता की रणनीति बनाई गई जिसमे निर्णय हुआ कि 26 जून की रात्रि में गाजीपुर से बस ट्रेन एवं निजी साधनों से जनपद के हजारों की संख्या में कर्मचारी शिक्षक लखनऊ की ह्लहुकार महारैली ह्व में शामिल होगे। (कार्यक्रम की सफलता के लिए कर्मचारी शिक्षकों में जन जनजागरण हेतु भ्रमण टीम का गठन कर प्रत्येक विद्यालय एवं कार्यालय मे सम्पर्क अभियान चलाने का कार्यक्रम बनाया गया। परिषद की महिला प्रकोष्ठ टीम का गठन भी किया गया जिसमे यशोधरा बसंत जिलाध्यक्ष, सुनीता यादव जिलामंत्री एवम गूंजा यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया जबकि संजय पांडेय को चेयरमैन संघर्ष समिति,विनीत राय वाइस चेयरमैन बनाए गए।



बैठक में मुख्य रूप से पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, ऊ० प्र० प्राथमिक शिक्षक संघ, डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ ह्य ग्राम विकास अधिकारी संघ, राजकीय आईटी आई, उद्योग, कृषि नगरपालिका, जल निगम, यू०पी० एजुकेशनल मिनी, एसो० बोरिंग टेम्लीसियन लघु सिंचाई, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, सिचाई संघ, विकास भवन कर्मचारी, डी०आर०डी०ए० कर्मचारी संघ जिला पंचायत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ , राजकीय वाहन चालक संघ,महाविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद, ग्राम रोजगार सेवक संघ, रोजगार सेवक संघ, नलकूप खण्ड, बैठक को इं सुरेंद्र प्रताप, राधेश्याम यादव, अजय कुमार,मनोज यादव, बैजनाथ तिवारी, प्रमोद मिश्रा, संदीप यादव, माधवेंद्र यादव, विनीत राय, सुबास सिंह, विजय यादव,गजराज रावत, ओम प्रकाश गुप्ता, डा भास्कर दूबे, अशोक सिंह, बिरेंद्र यादव, मुक्तेश्वर श्रीवास्तव, पूर्णिमा, बेबी, ताहिरा राजेश भारती, कृष्णा यादव, नागेंद्र यादव, अरुण सिंह, नौशाद आलम, बिनोद राय, प्रवीण सिंह कुशवाहा, बाला यादव,अखिलेश यादव, जमुना यादव, शिव कुमार तिवारी आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता अम्बिका दूबे एवम संचालन जिला मंत्री बैजनाथ तिवारी ने किया।

# संस्कार भारती द्वारा आयोजित 20 दिवसीय चित्रकला एवं कथक प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह

**संस्कार भारती जौनपुर व राज्य ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित 20 दिवसीय चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह में कला गुरू नवीन विश्वकर्मा जी को किया गया सम्मानित**

प्रखर जौनपुर। संस्कार भारती जौनपुर व राज्य ललित कला अकादमी तथा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संयुक तत्वावधान में आयोजित 20 दिवसीय चित्रकला एवं कथक प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह नगर के सिद्धार्थ उपवन में पूरी भव्यता के साथ संम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि मंच के राष्ट्रीय महामंत्री श्री कमलेश मौर्य "मृदु" जी, विशिष्ट अतिथि डॉ स्मिता श्रीवास्तव व कार्यक्रम अध्यक्ष संस्कार भारती के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री अवधेश मिश्र जी ने कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के चित्र पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्वलित कर किया। संस्कार भारती के संस्थापक पदम् श्री योगेंद्र जी "बाबा" की प्रथम पुण्यतिथि पर उनको सभी ने पुष्पांजलि अर्पित किया । कार्यक्रम का प्रारंभ संस्कार भारती ध्येय गीत से हुआ इसके पश्चात बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारा किया गया और उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। चित्रकला प्रशिक्षक श्री नवीन विश्वकर्मा ने सम सामयिक विषयों और लोक कलाओं पर बच्चों द्वारा चित्रांकन कराया गया। सभी अभिभावकों व अतिथियों ने बच्चों के प्रयास की भूरि भूरि प्रसंशा की। कार्यक्रम में कला गुरु नवीन विश्वकर्मा जी को कार्यक्रम अध्यक्ष ने अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्थाध्यक्ष व महामंत्री ने कार्यक्रम अध्यक्ष अवधेश मिश्रा जी, मुख्यातिथि कमलेश मौर्य "मृदु" व विशिष्ट अतिथि डॉ स्मिता श्रीवास्तव को अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कार भारती द्वारा संस्कार क्षम कार्यक्रमों का आयोजन होने से नई पीढ़ी अपनी संस्कृति से भली भांति परिचित हो सकेगी । कार्यशाला के माध्यम से बच्चों की अंतर्निहित प्रतिभाओं में निखार आता है। आभार ज्ञापन अमित गुप्त ने किया। कार्यक्रम का समापन वंदेमातरम गीत के साथ हुआ । कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ विष्णु कुमार गौड़ ने किया। कार्यक्रम में संस्था के प्रांतीय महामंत्री सुजीत जी, संरक्षक रविन्द्रनाथ, विभाग संयोजक कमलेश जी, अमित श्रीवास्तव, अध्यक्ष डॉ ज्योतिदास, महामंत्री अमित गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजकमल, डॉ रामसूरत मौर्य, डॉ रजनीश श्रीवास्तव, डा मनमोहन जी डॉ शैली मोहन निगम डॉ प्रियंका चौहान, डा नरेंद्र पाठक, श्री श्याम मोहन अग्रवाल व अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष अस्थाना, मधुलिका अस्थाना, ज्योति श्रीवास्तव, राजेश किशोर, बालकृष्ण, अरुण केसरी, अवधेश श्रीवास्तव, शिव नारायण, सुप्रतीक, आकाश सेठ, आशीष जायसवाल, आशीष साहू, प्रेम प्रकाश मिश्र का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के सह प्रायोजक सिद्धि विनायक जैवेलर्स, के.बी. मार्ट, एस. एन. फामेर्सी ऑफ कॉलेज, यूनिक मोबाइल, केयर डेंटल व श्री विक्रम गुप्ता जी रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### केवी 39 जीटीसी में G 20, NEP 20 व FLN पर आधारित जनभागीदारी कार्यक्रम हुआ वर्चुअल आयोजन

प्रखर वाराणसी। जनभागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को बुनियादी साक्षरता पर आधारित एक आभासी कार्यशाला का आयोजन केन्द्रीय विद्यालय वाराणसी कैण्ट द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 103 लोग आभासी परिचर्चा में शामिल हुए। संचालन श्री एम हसन, प्रधानाध्यापक एवं कार्यक्रम समन्वयक द्वारा किया गया। श्रीमती पूजा अनुपम पाण्डेय ने अपने प्रस्तुतिकरण से लोगों का मन मोह लिया। अपने संबोधन में उन्होंने ने विभिन्न दक्षताओं का उल्लेख करते हुए श्रवण, वाचन, पठन और लेखन पर विशेष जोर देकर कहा कि यह दक्षताएं भाषा- कौशल के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। भाषा-कौशल के महत्त्व को व्यक्तित्व में जोड़ने से मूल्यों के बारे में ज्ञान मिलता हैं जो किसी भी इंसान को समाज में एक बेहतरीन जीवन जीने के लायक बनाता है।




### पलवल की फसल में रोग लगने से किसान चिंतित

प्रखर वाराणसी। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के खड़ौरा डिल्ला मिजार्पुर धनेशपुर चौरी आदि गांवों में परवल की लगी फसल में उखटा एवं झुलसा रोग के लगने से मेहनतकस किसानों में चिंता का माहौल है। अथक परिश्रम और आर्थिक खर्च वहन करने के बावजूद किसानों का कोई पुरसाहाल नहीं है। किसानों के मुताबिक कीटनाशक दवाओं का छिड़काव बेअसर साबित हो रहा है। महंगी सिंचाई और जी-तोड़ मेहनत पर पानी फिरता देख किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई देने लगी है। ऐसे में लीज पर की गई खेती घाटे का सौदा लगने लगी है।




### खान इकबाल मधु ने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात

प्रखर जौनपुर। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के बैनर तले चले चार दिनों के कार्यक्रम में तमाम मंत्रियों के साथ डॉ श्री इंद्रेश कुमार के साथ संयोजक पश्चिमी उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड खान इकबाल मधु ने लगभग आधे घंटे की पर्सनल मुलाकात में हिन्दुस्तान की अखंडता के विषय पर बात की। श्री मधु जौनपुर शहर के एक बड़े प्रतिष्ठान के मालिक है साथ ही अपने समाज व देश के उत्थान के लिए हमेशा प्रयासरत रहते है। उन्होंने बताया की खास मुलाकात में मुस्लिम समाज के बच्चों के भविष्य व राष्ट्रवाद में उनकी दिलचस्पी बढ़ाने के लिए मुस्लिम मंच प्रयास कर रहा है।



### पूर्व मंत्री पारसनाथ यादव की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रधांजलि सभा का आयोजन

प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व मंत्री स्मृति शेष पारसनाथ यादव की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रधांजलि सभा का आयोजन उनके रैन बसेरा आवास किया गया सर्व प्रथम सपा जिलाध्यक्ष डां अवधनाथ पाल समेत उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर श्रधांजलि अर्पित किया।डां पाल ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा स्वं पारसनाथ यादव जीवन भर नेताजी के साथ रहकर समाजवादी पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम किए स्वं पारसनाथ यादव जनपद ही नहीं पूरे पूर्वांचल में उनकी लोकप्रियता थी वें अपने संघर्ष से जनता के बीच में रहकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनकी लडाई लगातार लड़ा करते थे जिसकी वजह से उनको जनता ने गांव पंचायत से लेकर देश की सबसे बड़ी पंचायत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया। कहा वे जौनपुर जनपद के एक ऐसे नेता थें जिन्होंने सात बार विधानसभा और दो बार लोकसभा का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है पूरे राजनीतिक जीवन में उन्होंने हमेशा कमजोर दलित पिछड़े नौजवान किसान सब की आवाज उठाते रहे यह कभी कमजोरों के ऊपर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करते थे । जनपद जौनपुर में स्वं पारसनाथ का एक अलग ही पहचान थी उनका सम्मान दल के साथ-साथ अन्य दल के नेता भी किया करते थे । निश्चित रूप से जनपद जौनपुर के समाजवादी पार्टी के परिवार में इतनी बड़ी क्षति कभी पूरी नहीं की जा सकती है लेकिन उनके संघर्षों पर उनके विचारों को सभी समाजवादियों को स्मरण करना पड़ेगा और संघर्ष को ही अपना रास्ता मानकर उनके बताए हुए सिखाएं हुए रास्ता को हम समाजवादियों को अपनाकर चलना होगा। श्रधांजलि सभी मे मुख्य रूप से बडे उनके पुत्र विधायक मल्हनी लकी पुष्पा यादव श्रवण जयसवाल, राहुल त्रिपाठी, निजामुद्दीन अंसारी, आरबी यादव, ओपी यादव, रोहित यादव, विक्की यादव आदि लोग उपस्थित रहे।



प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं